09- MAR- K&C- MAIN- Pg- 1_page1.qxd 3/10/2025 1:22 AM Page 1




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




चैंपियंस ट्रॉफी में 76 रन बनाकर रोहित शर्मा मैच के हीरो

कप्तान रोहित शर्मा के नाम लगातार 12वें बार टॉस हारने का रिकॉर्ड




## भारत चैंपियंस का चैंपियन : जीता तीसरा खिताब

# होली से पहले दीवाली!

### जीत के बाद रायपुर के जयस्तंभ चौक पर जश्न के लिए उमड़ पड़ा जन सैलाब

**एजेंसी/दुबई।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के महारोमांचक मुकाबले में तीसरी बार खिताब जीतकर चैंपियंस टीमों का बेताज बादशाह बन गया। भारतीय टीम अब सबसे ज्यादा चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम बन गई। इससे पहले भारत-ऑस्ट्रेलिया के नाम 2-2 खिताब थे। इतना ही नहीं टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड से 25 साल पुरानी हार का बदला भी ले लिया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2000 के फाइनल में कीवियों ने भारत को मात दी थी। भारतीय टीम ने पहली बार 2003 में और आखिरी बार 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। ऐसे में रोहित शर्मा ने 12 साल का सूखा खत्म कर दिया है।





### स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड : 251/7
भारत : 254/6

**4 विकेट से जीती भारतीय टीम**

- 19.5 करोड़ रुपए चैंपियन भारत को मिले
- 9.72 करोड़ के साथ न्यूजीलैंड रहा उपविजेता
- 60 करोड़ रुपए की कुल इनामी राशि वाली टूर्नामेंट
- 76 रन बनाकर रोहित प्लेयर ऑफ द मैच
- 263 रन बनाकर और 3 विकेट लेकर रचिन टूर्नामेंट के हीरो

### एक ओवर पहले जीता भारत

दुबई में खेले गए फाइनल मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर 254 रन बना दिए। फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया।

- 25 साल पुराना बदला न्यूजीलैंड से लिया
- 12 साल का खिताबी सूखा भी खत्म

### रायपुर समेत पूरा देश जश्न में डूबा

भारत की जीत के बाद देशभर में क्रिकेट फैंस जश्न में डूब गए। राजधानी रायपुर में होली से पहले दीवाली जैसा नजर आया। लखनऊ, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई समेत तमाम शहरों में लोग ढोल नगाड़े के साथ सड़कों पर उतरे। क्रिकेट फैंस ने आतिशबाजी करके टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाया। रवींद्र जडेजा के विनिंग शॉट के साथ भारत में क्रिकेट फैंस खुशी से झूम उठे। लोग हाथों में तिरंगा लिए सड़कों पर उतरे और ढोल नगाड़े की थाप पर जमकर डांस किया। लोगों ने होली से पहले दीवाली मनाई और आतिशबाजी करके टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाया।

### ईनामी राशि

| दौर | चैंपियन | राशि |
|---|---|---|
| फाइनल | भारत | 19.5 करोड़ |
| उपविजेता | न्यूजीलैंड | 9.72 करोड़ |



### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने दी बधाई

राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर लिखा, 'भारतीय टीम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर बधाई। भारत तीन बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी। खिलाड़ियों, प्रबंधन और सहयोगी स्टाफ को क्रिकेट का इतिहास रचने पर बधाई। भारतीय क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना।' प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'एक असाधारण मुकाबला और एक असाधारण नतीजा। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमें अपनी क्रिकेट टीम पर गर्व है। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई।'

### लगातार दूसरी खिताबी जीत

आईसीसी टूर्नामेंट में यह भारत की लगातार दूसरी खिताबी जीत है। इससे पहले 2024 में टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।

# कचरा बीनने से घर नहीं चलता, इसलिए 9 माह के कांट्रेक्ट पर भेजीं लड़कियां

बिहार के रेड लाइट एरिया में पकड़ी गई लड़कियों के परिजनों का दर्द छलका

# साल की कमाई लाख

साहब.. का कहे परिवार चलाने के लिए सब कुछ करना पड़ता है। हम लोग गांव-गांव में टीना टप्पर बीनने के बाद कबाड़ी को बेचकर परिवार चलाते हैं। परिवार बड़ा होने पर जब घर चलाने में मुश्किलें होने लगी तो हमने अपनी बेटियों को आर्केस्ट्रा में कलाकार के रूप में भेजना शुरू कर दिया। छत्तीसगढ़ से ज्यादा बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों में शादी-ब्याह सहित अन्य मौकों पर बेटियां अपने कार्यक्रमों में प्रस्तुति देती हैं। आर्केस्ट्रा में नौ माह काम करने के लिए लड़कियों को एक लाख रुपए मिलता है। बिहार के रोहतास में उन्हें क्यों पकड़ा गया है, हमें इसकी जानकारी नहीं। परिवार के कुछ लोग वहां गए हैं, लेकिन अभी उनसे मुलाकात नहीं हो सकी है।

सचिन अग्रहरि ▶▶| राजनांदगांव

यह कहना है उन परिवार के सदस्यों का जिनकी लड़कियां बिहार के रोहतास के लेड लाइट एरिया में पकड़ाई है। हरिभूमि की टीम ने जब चिचोला, डोंगरगढ़, सोमनी और राजनांदगांव की इन लड़कियों के परिवारजनों से बातचीत की तो उनका दर्द छलक गया। परिवारजनों का कहना है कि उनकी लड़कियां देह व्यापार नहीं कर रही है, ब्लकि उनका मूल काम नाचने- गाने का है। उनकी कई पीढ़ियां इसी कामों को करते आ रही है। पुलिस ने क्यों पकड़ा, इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन वह यह भी कहते हैं कि यदि आर्केस्ट्रा में वे काम नहीं करेंगे तो उनका जीवन-यापन कैसे होगा? उन्होंने बताया कि हर साल आर्केस्ट्रा वाले एक लाख रुपए देकर नौ माह का अनुबंध करते हैं। उनकी लड़कियां पुश्तैनी नाचना और गाना करती है न कि देह व्यापार।

### दोस्त के साथ गया था कार्रवाई में फंस गया

रोहतास में छत्तीसगढ़ के एक लड़के ने यह कहा कि वह अपने दोस्त के साथ यहां एक ▶▶| शेष पेज 6 पर

रेस्क्यू किशोरियों को नाच गाना करने के एवज में पैसा देने का झांसा देकर देह व्यापार करा रहे थे

हरिभूमि लगातार


किसी ने कहा आर्केस्ट्रा में डांस करने भेजी
कोई बोला मजबूरी थी, क्या करते

### 41 में चार किशोरी रायपुर टिकरापारा इलाके की रहने वाली

*रायपुर। बिहार, रोहतास स्थित रेड लाइट एरिया में पिछले दिनों रेस्क्यू की गई 41 किशोरियों में चार लड़कियां रायपुर टिकरापारा इलाके की हैं। लड़कियों को रेस्क्यू करने एएसपी सिटी पश्चिम दौलतराम पोर्ते के नेतृत्व में पुलिस की टीम रोहतास पहुंची है। परिजनों ने पूछताछ में बताया है कि उनकी लड़कियां पूर्व में तीन बार काम की तलाश में बिहार के अलावा अन्य राज्यों में जा चुकी हैं। पूछताछ में परिजनों ने पुलिस को बताया है कि उनकी लड़कियां बिहार में काम के सिलसिले में गई तो वहां* ▶▶| शेष पेज 6 पर

### दुर्ग-बेमेतरा के बाद राजनांदगांव में नाबालिगों के घर पहुंची टीम हरिभूमि



### दादी के साथ गई थी वहीं शादी हो गई

हरिभूमि पड़ताल के दौरान एक लड़की के परिवारजनों ने बताया कि कुछ साल पहले उनकी लड़की अपनी दादी के साथ बिहार गई थी। वहां वह आर्केस्ट्रा में काम करने लगी और फिर वहीं उसकी शादी भी हो गई। परिवार ने बताया कि लड़की का हमेशा फोन आता रहता है और बीच-बीच में वह पैसा भी यहां भेजती है।

### परिवार को सौंपने की तैयारी

बिहार की बाल कल्याण समिति द्वारा छग की 41 लड़कियों के बयान लिए जाने के बाद उन्हें छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंपा जाएगा। पुलिस द्वारा परिवारजनों को सौंपे जाने की तैयारी की जा रही है।

### लड़कियों ने कहा : हमारा पेशा है नाचना


सूत्रो ने बताया कि बयानी कार्रवाई में कई लड़कियों ने यह कहा है कि उनका पीढ़ी दर पीढ़ी पेशा नाचना और गाना है। वह इस कला को नहीं छोड़ सकती। उन्होंने यह भी कहा कि यदि काम छूट जाएगा तो आखिर अपना परिवार कैसे चलाएगी। वहीं एक-दो लड़कियों ने पुलिस से कहा है कि वह अब वापस यहां नहीं आएगी। बयान में अभी तक देह व्यापार की पुष्टि नहीं हुई है।






### उपराष्ट्रपति एम्स में पीएम ने जाना हाल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उपराष्ट्रपति को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार देर रात एम्स में भर्ती कराया गया था। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। धनखड़ (73) को शनिवार देर रात करीब 2 बजे अस्पताल ले जाया गया और सीसीयू में भर्ती कराया गया।






09- MAR- COR- MAIN- Pg- 2 HAMAR PRADESH_Layout 1 3/9/2025 10:20 PM Page 1



## जमकर हुआ बवाल, गाड़ियों में तोड़फोड़

# प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का आरोप













हरिभूमि न्यूज : रायपुर

टाटीबंध स्थित एक मकान में चल रही प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाते हुए हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने जमकर हंगामा किया। धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में तोड़फोड़ की। जब बवाल चल रहा था, इस दौरान होली में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह पुलिस अफसरों की बैठक ले रहे थे। इसी दौरान पुलिस को हंगामा होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस अफसर आनन-फानन में घटना स्थल पहुंचकर स्थिति संभालने में जुट गई। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है। टाटीबंद स्थित एक कालोनी के मकान में सैकड़ों की संख्या में लोगों के प्रर्थना सभा में एकत्रित होने की जानकारी हिंदू संगठन से जुड़े लोगों को मिली। इसके बाद बजरंग दल सहित अन्य हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोग प्रार्थना सभा का विरोध करते हुए मौके पर पहुंचे। हिंदुओं का जबरन धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगे। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों के साथ हिंदू संगठनों के साथ बहस होने लगी। विवाद की दूसरी वजह भी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार प्रार्थना सभा के पास एक खाली प्लाट है। उसमें कुछ लोग चर्च निर्माण की बात कहे रहे थे। खबर है कि इससे भी विवाद ने उग्र रूप ले लिया।

### रविवार बना पुलिस के लिए चुनौती

प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन कराए जाने के लेकर पूर्व में भी मोवा, विधानसभा सहित कई अन्य थाना क्षेत्रों में प्रदर्शन की घटाएं हो चुकी हैं। ज्यादातर घटनाएं रविवार को हुई है। ऐसे में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन के आरोप में प्रदर्शन रोकना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है।

### हंगामे के बीच तोड़फोड़

धर्मांतरण को लेकर हंगामा के दौरान कुछ लोगों ने पथराव करने के साथ तोड़फोड़ करने लगे। तोड़फोड़ से मकान तथा गाड़ियों में नुकसान होने के साथ पथराव की घटना में कुछ लोगों को चोटें आई है। इसी दौरान पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई।

## खबर संक्षेप

### भू-माफिया और अफसरों के खिलाफ अपराध दर्ज कराएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जमीन घोटाले में संलिप्त सभी भूमाफिया, अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करने के साथ ही घोटाले की राशि वसूली के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की। इसी दौरान श्री अग्रवाल ने कहा कि शासकीय जमीनों की बंदरबांट और जमीन मुआवजा घोटाले के सभी दोषियों के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध करने के साथ ही घोटाले की राशि वसूलने की कार्रवाई भी की जानी चाहिए, जमीन के मुआवजे का घोटाला तो अभी केवल 7 गांव का सामने आया है, जबकि इस मामले में 300 गांव की जमीन का अधिग्रहण किया गया है, सभी अधिग्रहित जमीनों की भी जांच की जानी चाहिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि रायपुर जिले अभनपुर के सात गांव की ही अधिग्रहित जमीनों की जांच में ढाई सौ करोड़ से ज्यादा का घोटाला सामने आ चुका है, 300 गांव की अधिग्रहित जमीनों की जांच में स्थिति क्या होगी, इसका आकलन भी किया जाना मुश्किल है।

### अस्पतालों को प्राधिकार प्राप्त करने की समयसीमा में वृद्धि

**रायपुर।** एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) की पहल पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल (सीईसीबी ) ने अस्पतालों को जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत प्राधिकार प्राप्त करने अथवा नवीनीकरण की समयसीमा 30 जून तक बढ़ा दी है।



केंद्रीय पर्यावरण प्रदूषण बोर्ड के आदेशानुसार बिना उक्त प्राधिकार के अस्पताल का संचालन करने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने का प्रावधान है। इसके तहत पूर्व में सीईसीबी ने सभी अस्पतालों को 31 दिसंबर 2023 तक प्राधिकार प्राप्त करने के निर्देश दिए थे। किन्हीं कारणवश कुछ अस्पतालों द्वारा उक्त अवधि में यह प्राधिकरण प्राप्त अथवा नवीनीकरण नहीं हो पाया था जिस वजह से उन अस्पतालों पर भारी भरकम क्षतिपूर्ति लगाई जा रही थी।

### 108 इमरजेंसी में कर रहे मिस्डकॉल, दे रहें गालियां

रायपुर। आपातकाल में मदद के लिए उपयोग किए जाने वाले 108 के इमरजेंसी कॉल का लोग इंटरटेनमेंट के लिए उपयोग कर रहे हैं। कोई टाइमपास के लिए यहां फोन लगाता है, तो कोई गाली-गलौज कर अपनी भड़ास निकलता है। आंकड़ों की मानें, तो संजीवनी एंबुलेंस सेवा के कॉल सेंटर का स्टाफ हर महीने औसतन ऐसे 10 हजार फेक कॉल को झेल रहा है। इसमें बच्चों के फोन, फर्जी कॉल के साथ अपमानजक बातें करने वाले कम नहीं हैं। प्रदेश में किसी की आपात स्थिति होने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए संजीवनी एंबुलेंस सेवा का संचालन किया जा रहा है।

### ढाई साल पहले वर्ग फीट के हिसाब से किया निर्धारण और अब हेक्टेयर का नियम लागू

# भारतमाला प्रोजेक्ट में दुर्ग जिले के 200 करोड़ का भुगतान संदेह के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**दुर्ग जिले के भारत माला प्रोजेक्ट में 200 किसानों का मुआवजा निर्धारण में स्थानीय प्रशासन ने दोहरा मापदंड अपनाया। ढ़ाई साल पहले यानी वर्ष दिसंबर 2022 में किसानों के मुआवजा का निर्धारण वर्ग फीट के हिसाब से किया। उसके बाद अब वर्ष 2024 में किसानों का मुआवजा प्रकरण हेक्टेयर दर के हिसाब से कर दिया गया है।**

अलग खबर

जिसकी वजह से किसी किसान को एक साइज की जमीन की लाखों रुपए का मुआवजा दिया जा रहा है तो दूसरे किसान को हजार रुपए। इस दोहरे मापदंड की वजह से किसान हाईकोर्ट और स्थानीय राजस्व अधिकारी के दफ्तर का चक्कर काट रहे हैं। पूरे मामले में करीब 200 करोड़ रुपए भुगतान संदेह के दायरे में है। भारतमाला प्रोजेक्ट में अफसरों ने ही बड़ा खेला कर दिया। अपनों को भूमि अर्जन की मुआवजा राशि का लाभ दिलाने के लिए सेंट्रल गर्वमेंट के नियम को ही बदला और उस हिसाब से करोड़ों रुपए का भुगतान हो गया। यह गफलत दुर्ग जिले के थनौद से उतई तक के किसानों का भू अर्जन मुआवजा भुगतान में किया गया।

### इस तरह हुआ खेला

भारत माला प्रोजेक्ट के तहत वर्ष 2017.18 में भू अर्जन पुरई के पटवारी हल्का नंबर 40 तहसील दुर्ग थनौद से उतई तक किसानों की जमीन भूअर्जित की गई। थ्री डी प्रकाशन के बाद कुछ नामांकित चहेतों को वर्ष 2019 में 500 वर्ग फुट से कम अर्जित भूमि का मुआवजा निर्धारण चार गुणा दर से किया गया। इसकी वजह अफसरों ने किसानों को यह बताया कि इनका नक्शा बटांकन हो चुका है। इस बीच छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सरकार ने रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत छूट दी। इसके आड़ में यह खेला कर दिया कि जिन किसानों की जमीन का नक्शा बटांकन नहीं हुआ था, उन्हे हेक्टेयर के हिसाब से दो गुणांक में भुगतान कर दिया।

### किसानों के मुआवजा निर्धारण में चली दोहरी नीति



### इस तरह प्रकरणों को समझिए

ग्राम पुरई निवासी जयसिंह पिता तीर्थराज, हरन्दिर सिंह पिता रमाशंकर सिंह खसरा नंबर 203/2 के 0.036 हेक्टेयर यानी 360 वर्ग मीटर का मूल्यांकन 20 दिसंबर 2022 को किया गया है। उनकी राशि का मूल्यांकन 9 लाख 68 हजार 400 रुपए है। दो गुणांक के हिसाब कुल 44 लाख 29 हजार 074 रुपए बनाया। वहीं दूसरी ओर उसी गांव के किसान केसरी पवार पति कृष्णा पवार खसरा नंबर 209/2 के 022 हेक्टेयर यानी 220 वर्ग फीट का कुल मुआवजा राशि 1 लाख 36 हजार 842 रुपए बनाया गया है। खास बात यह है कि दोनों जमीन की खसरा नंबर लगी हुई है। औसत गणना जयसिंह की जमीन की 12 हजार 302 रुपए प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से और पवार की जमीन की गणना महज 622 प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से की। इस तरह के कई मामले हैं।

## मेडिकल पीजी की 98 में से 30 सीटें अलॉट, एनआरआई की 8 स्ट्रे राउंड में शामिल

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

मॉपअप राउंड के बाद तीन निजी मेडिकल कॉलेजों में खाली बची एनआरआई कोटे की आठ सीटों को स्ट्रे राउंड में शामिल कर लिया है। निजी कॉलेज प्रबंधन इन सीटों पर पांच परसेंटाइल का लाभ देते हुए स्पेशल स्ट्रे राउंड में शामिल करने की मांग कर रहे थे। 98 में से 30 सीटों का आवंटन रविवार को कर दिया गया। सोमवार 10 से 12 मार्च तक स्क्रूटनी तथा एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

हाईकोर्ट के फैसले के आधार पर इन सर्विस पीजी छात्रों की छंटाई करने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया पूरी कराई। रविवार को संस्था चयन के आधार पर 30 लोगों को शासकीय और निजी कॉलेजों में खाली बची सीटों का आवंटन किया गया। इसमें नॉन क्लीनिकल की 11 और क्लीनिकल से संबंधित 19 सीटें शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, मॉपअप राउंड के दौरान निजी मेडिकल कॉलेज बालाजी में 4, रिम्स में 1 तथा शंकराचार्य में एनआरआई कोटे की 3 सीटें खाली रह गई थीं। कॉलेजों की डिमांड थी कि इन सीटों पर पांच परसेंटाइल के नियम को अपनाते हुए स्पेशल स्ट्रे राउंड में एडमिशन की अनुमति देने पर विचार किया जाए। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने उनके निवेदन को नजरअंदाज करते हुए इन सीटों को सामान्य कोटे में तब्दील कर स्ट्रे राउंड में शामिल कर लिया है। मॉपअप राउंड के बाद खाली बचीं 98 में से 30 सीटों का आवंटन कर दिया गया है और एडमिशन की प्रक्रिया 12 मार्च तक पूरी करने का शेड्यूल जारी किया है।

### केजुअल्टी के अलावा, मेडिसिन, आर्थो और न्यूरो विभाग में अघोषित इमरजेंसी

## तीन दिन बाद होली, सरकारी अस्पतालों में अलर्ट, तैनात किए जाएंगे विशेषज्ञ डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

तीन दिन बाद मनाई जाने वाली होली के दौरान किसी भी घटना-दुर्घटना में चोटिल होने वालों के तत्काल उपचार के लिए सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था अलर्ट मोड पर रहेगी। होलिका दहन, रंगोत्सव के दिन केजुअल्टी के अलावा मेडिसिन, हड्डीरोग और न्यूरो विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों को तैनात किया जाएगा। आंबेडकर अस्पताल समेत जिला अस्पताल में भी इस तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाएगी।



गुरुवार को होलिका दहन किया जाएगा और शुक्रवार को रंगोत्सव मनाया जाएगा। होली का असर राजधानी में दो दिन बाद नजर आने की संभावना बन रही है। होली के अवकाश के दौरान होने वाली किसी भी तरह की अप्रिय घटनाओं के कारण चोटिल, पीड़ित व्यक्ति को आंबेडकर और जिला अस्पताल में इलाज देने की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए विचार मंथन शुरू हो गया है। होली के दौरान गुरुवार और शुक्रवार को अवकाश है, इसके बाद शनिवार और रविवार को भी अवकाश का माहौल रहेगा। इस दौरान सरकारी अस्पताल अघोषित रूप से इमरजेंसी मोड में रहेंगे। होली के दौरान किसी भी घटना में चोटिल होने के बाद अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को तत्काल उपचार सुविधा देने के लिए दो दिन डॉक्टरों की रोस्टर आधार पर ड्यूटी लगाई जाएगी और सीनियर डॉक्टर ऑन कॉल ड्यूटी पर रहेंगे। इससे किसी भी आपात स्थिति में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को उपचार की सुविधा मिल पाएगी। अस्पतालों में इमरजेंसी विभाग के अलावा अन्य जरूरी विभाग के डॉक्टरों की तैनाती के लिए जल्दी ड्यूटी रोस्टर तैयार किया जाएगा।

### त्वचा और नेत्ररोग डॉक्टर भी रहेंगे सक्रिय

होली के दौरान रंग-गुलाल के उपयोग की वजह से कई बार नेत्र और त्वचा से संबंधी परेशानी भी होती है, इसे ध्यान में रखते हुए दोनों विभाग के डॉक्टरों को भी सक्रिय रखा जाएगा। कई बार रंग अथवा गुलाल के उपयोग से आंखों में जलन सहित अन्य समस्या और त्वचा में एलर्जी संबंधी शिकायत लेकर भी लोग अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसे में मरीजों को आवश्यक उपचार की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

### सीएचसी में भी तैनात रहेंगे स्टाफ

बड़े अस्पतालों के साथ सामुदायिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में भी होली में ड्यूटी करने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों को सूची जल्द ही तैयार की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि त्योहार के दौरान प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा किसी तरह की अन्य समस्या लेकर आने वालों को प्राथमिक उपचार के बाद ही बड़े संस्थान में रेफर किया जाएगा।

### ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने किराए पर लिए जा रहे अकाउंट

**रायपुर।** ऑनलाइन ठगी की घटना से लेकर क्रिकेट सहित अन्य तरह का सट्टा संचालित करने इस्तेमाल किए जा रहे म्यूल अकाउंट को रोकना साइबर पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। पुलिस ने हाल के दिनों में चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके द्वारा म्यूल अकाउंट के माध्यम से सट्टे की रकम ट्रांसफर करने की बात सामने आई है। सट्टा में म्यूल अकाउंट इस्तेमाल करने की प्रथा महादेव सट्टा एप के बाद से शुरू हुई है। क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले बुकी पुलिस को झांसा देने के लिए किराए के बैंक अकाउंट लेकर उनमें पैसों का ट्रांजेक्शन कराने का काम कर रहे हैं। म्यूल अकाउंट बुकी पांच से दस हजार रुपए तक किराए पर ले रहे हैं। म्यूल अकाउंट होने की वजह से बुकी की जल्दी से पहचान नहीं हो पाती।

## चैंबर चुनाव : मतदाता सूची में किया त्रुटि सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के चैंबर भवन में शनिवार को छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के निर्वाचन अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें मतदाता सूची में त्रुटि सुधार किया गया। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 मार्च को किया जायेगा।

चैंबर चुनाव को लेकर निर्वाचन अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी प्रकाश गोलछा, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, और चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते उपस्थित रहे। निर्वाचन अधिकारी प्रकाश गोलछा ने बताया कि मतदाता सूची में त्रुटि सुधार के लिए शनिवार को दोपहर 2 बजे तक अंतिम तिथि के दिन समय-सीमा में प्राप्त मतदाताओं के नाम में तकनीकी त्रुटि को सुधार किया गया।



आज प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

### जिलेवार मतदान केन्द्र इस तरह से

- 14 अप्रैल दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़, सरस्वती शिशु मंदिर अंबिकापुर
- 15 अप्रैल मेनोनाइट हिन्दी हायर सेकंडरी स्कूल धमतरी, 16 अप्रैल को सरस्वती शिशु मंदिर लक्ष्मीपुर रायगढ़
- 20 और 21 अप्रैल अग्रसेन भवन सेक्टर 6 भिलाई
- 24 अप्रैल उदयाचल भवन राजनांदगांव, 27 अप्रैल झूलेलाल मंगल भवन बिलासपुर
- 3 मई गुजराती शाला भवन देवेन्द्र नगर रायपुर, 4 मई सरस्वती शिशु मंदिर देवेन्द्र नगर में मतदान होगा।


### एक महीने से टमाटर की कीमत में आ रही लगातार गिरावट

# मंडी में बिक रहा एक रुपए किलो टमाटर

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ में टमाटर की खेती करने वाले किसान इन दिनों खासे परेशान है। प्रदेश सरकार ने अपनी घोषणा पत्र में टमाटर प्रोसेस यूनिट निर्माण की घोषणा की, अब सरकार बदल गई, लेकिन किसानों का हाल पहले जैसा ही है। हर साल टमाटर के भाव औंधे मुंह गिरती है और किसानों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है। इस साल भी किसानों का दर्द ऐसा ही है। टमाटर मंडी में एक रुपए किलो बिक रहा है। किसानों का तुड़ाई और ट्रांसपोर्टिंग का खर्च तक नहीं निकल रहा। इसलिए किसान अपनी फसल उजाड़कर दूसरी फसल लेने लगे हैं। खेत के मेड़ों में इसे डाल रहे हैं।

### किसान उजाड़ रहे अपनी फसल



### प्रोसेस यूनिट के घोषणा पत्र में

हर साल टमाटर फसल के दाम इतने गिर जाते हैं कि किसानों को लाखों रुपए नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों की मांग पर पिछली कांग्रेस सरकार ने और इस बार भाजपा की सरकार ने अपने घोषणा पत्र में टमाटर प्रोसेस यूनिट स्थापित करने का जिक्र किया, लेकिन अब तक यह केवल सपना है। यूनिट स्थापना से किसानों को टमाटर के दाम भी मिलेंगे और विकास भी होगा। - झबेंद्र भूषण वैष्णव, महासचिव, छग प्रगतिशील किसान संगठन

### इस प्रकरणों से समझिए किसानों की स्थिति

#### केस वन

डोमा पथरिया के किसान लिमन हर साल 10 से 15 एकड़ में टमाटर की फसल लगाते हैं। इस बार भी टमाटर फसल ली है। वे बताते हैं कि दो महीने पहले टमाटर की इतनी ज्यादा डिमांड थी कि इसकी पूर्ति नहीं कर पा रहे थे। दाम ज्यादा होने के बाद भी बाजार ज्यादा चढ़ा हुआ था। इन दिनों भाव इतना कम है कि न तुड़ाई करवा रहे हैं और नहीं इसे बेच पा रहे हैं। नए फसल लेने टमाटर को बाहर फिंकवा रहे हैं।

#### केस दो

धमधा के किसान संदीप सोलंकी टमाटर उत्पादक किसान हैं। इस साल 14 एकड़ में टमाटर फसल लगाया है। वे बताते हैं कि मंडी में बाहर से भी टमाटर की आवक शुरू हो गई है। लोकल सब्जी बाड़ी से उत्पादन ज्यादा है और खपत कम। इसलिए स्थानीय मंडी में टमाटर के भाव नहीं मिल रहे हैं। ट्रांसपोर्टिंग व मजदूरी हमें अपनी जेब से भरना पड़ रहा है। जिसकी वजह से टमाटर को फेंक रहे हैं। मवेशियों को खिला रहे।

बिलासपुर
सोमवार, 10 मार्च 2025
फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी
वर्ष : 24, अंक : 346
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 35.4
न्यून. 18.5

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# नर्सरी सहित पहली-दूसरी कक्षा को पढ़ाएंगे प्री-प्रेटरी बीएड शिक्षक, लेकिन यह कोर्स छग में खुला ही नहीं!


हरिभूमि एक्सक्लूसिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में बालवाड़ी छात्रों को पढ़ाने जिन शिक्षकों को नियुक्त किया गया है, वे दरअसल अयोग्य हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत नर्सरी कक्षाओं अर्थात बालवाड़ी में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए नए तरह के पाठ्यक्रम की सिफारिश की गई है। इसे पूर्व में नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग नाम दिया गया था। बाद में इसे बदलकर प्री-प्रेटरी (प्रारंभिक तैयारी) बीएड कर दिया गया। ये शिक्षक ना केवल नर्सरी कक्षाओं बल्कि पहली और दूसरी कक्षा में भी अध्यापन कार्य कराएंगे। हालांकि पूर्व में जिन शिक्षकों की भर्ती हो चुकी है, उनकी नियुक्ति पर इस नए नियम का कोई असर नहीं पड़ेगा।

■ बालवाड़ी छात्रों को पढ़ा सकते हैं प्री प्रेप्ट्री बीएड शिक्षक

**ना सिलेबस ना ही मान्यता नए सत्र में भी शुरुआत की संभावना नहीं**



### पाठ्यक्रम ही नहीं

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में बीएड के 146 कॉलेज हैं और डीएलएड के लिए करीब 91 कॉलेज हैं। इन कॉलेजों में बीएड की 14,400 सीटें और डीएलएड की 7,700 सीटें हैं। जबकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बालवाड़ी में अध्यापन के लिए अनिवार्य डिग्री नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। चूंकि प्रदेश में इसका संचालन नहीं हो रहा है, ऐसे में इसके लिए सिलेबस भी तैयार नहीं किया जा सका है। इस एकवर्षीय प्री-प्रेटरी (प्रारंभिक तैयारी) बीएड में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता बारहवीं पास है।

प्रदेश में केवल डीएलएड और बीएड पाठ्यक्रम ही संचालित है। शिक्षा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन की अनुमति अनिवार्य होती है। जून-जुलाई में प्रारंभ होने वाले नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रदेश के महाविद्यालयों ने बीएड-डीएलएड की ही मान्यता ली है। नए पाठ्यक्रम के लिए उनके द्वारा अर्जी नहीं दी गई है। ऐसे में नवीन शैक्षणिक सत्र में भी इस विषय की पढ़ाई शुरू नहीं हो सकेगी।

### चल रहा है विवाद

विभिन्न शिक्षा पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले विद्यार्थी किस कक्षा को पढ़ाएंगे इसे लेकर विवाद हो चुका है। बीएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए नियुक्त कर दिया गया था। न्यायालय के फैसले के बाद उन्हें पद से हटाते हुए डीएलएड डिग्रीधारी शिक्षकों को नियुक्त किया गया। नौकरी से निकाले जा चुके बीएड शिक्षक अभी भी किसी अन्य पदों में मर्ज किए जाने के लिए संघर्षरत है। कोर्ट के आदेशानुसार डीएलएड शिक्षकों को नियुक्ति प्रदान किए जाने के बाद भी मामला पूरी तरह से हल नहीं हो सका है।



### डीएलएड शिक्षक करा रहे अध्यापन

प्रदेश में फिलहाल प्री प्रेप्ट्री बीएड की कोई व्यवस्था नहीं है। नर्सरी कक्षाओं को भी डीएलएड की पढ़ाई करने वाले शिक्षक ही पढ़ा रहे हैं।

- **राजीव गुप्ता**, संयोजक बीएड कॉलेज एसोसिएशन

---

2023-24 में भी 4 हजार प्रकरणों में 85.64 करोड़ की अनियमितता

# जाते-जाते भी हाथ साफ कर गए सरपंच करोड़ों का गबन, वसूला जाएगा पैसा

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


छत्तीसगढ़ में त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव होने के बाद अब राज्यभर में सभी पंचायतों में नवनिर्वाचित प्रतिनिधि अपना पदभार ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन इस तस्वीर के विपरीत एक और कहानी है। दरअसल हुआ ये है कि इस चुनाव के पहले जो सरपंच पद पर कायम थे, उन्होंने जाते-जाते जमकर हेराफेरी की और पंचायतों की रकम पर बट्टा लगा दिया। पिछले साल जनवरी से दिसंबर के बीच करीब पौने चार करोड़ रुपए का गबन हुआ। लाखों रुपए की वित्तीय अनियमितताएं और नियम-कायदों को दरकिनार कर सरकारी खजाने को चूना लगा दिया। पंचायतों में सोशल ऑडिट से ये गड़बड़ियां सामने आईं हैं। इन घपलेबाजों से राशि वसूली गई और आगे भी वसूली होनी है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सामाजिक अंकेक्षण के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जिसमें ग्रामीण विकास योजनाओं में बड़े पैमाने पर वित्तीय गबन, अनियमितताओं, प्रक्रिया उल्लंघन और शिकायतों के मामले उजागर हुए हैं। यह खुलासा वर्ष 2023-24 और 2024-25 (26 दिसंबर 2024 तक) के आंकड़ों पर आधारित है, जिसमें पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं में भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें दिखाई देती हैं।

## सोशल ऑडिट से हुआ खुलासा, घपलेबाजों से वसूली भी की गई

### वित्तीय गबन और फर्जीवाड़े का ऐसा खेल

सामाजिक अंकेक्षण के दौरान वित्तीय गबन के तहत फर्जी उपस्थिति, फर्जी कार्य, फर्जी नाम और फर्जी सामग्री बिल जैसे मामले सामने आए हैं। वर्ष 2023-24 में 3954 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 12.12 करोड़ रुपए से अधिक का गबन हुआ। वहीं वर्ष 2024-25 में 26 दिसंबर तक 1418 प्रकरणों में 3.68 करोड़ रुपए की अनियमितता पाई गई। यह दर्शाता है कि पंचायत स्तर पर फर्जी दस्तावेजों और कागजी कार्यों के जरिए सरकारी धन को हड़पने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। ग्रामीण विकास के नाम पर बनी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचने के बजाय कुछ भ्रष्ट तत्वों की जेब में जा रहा है।




### शिकायतें- जनता की पुकार अनसुनी

सोशल ऑडिट के दौरान शिकायतों में रोजगार न मिलना, जॉब कार्ड पंजीकरण में देरी, बैंक खाता न खोलना, बेरोजगारी भत्ता न देना और कार्यस्थल पर सुविधाओं का अभाव जैसे मुद्दे शामिल हैं। वर्ष 2023-24 में 2,690 प्रकरणों में 8.31 करोड़ रुपए की राशि प्रभावित हुई, जबकि वर्ष 2024-25 में 63 प्रकरणों में मात्र 5967 रुपए का मामला दर्ज हुआ। यह कमी शिकायत निवारण में सुधार का संकेत दे सकती है, लेकिन ग्रामीण स्तर पर लोगों की समस्याएं अभी भी पूरी तरह हल नहीं हुई हैं। सामाजिक अंकेक्षण के ये आंकड़े दर्शाते हैं कि पंचायत स्तर पर पंच परमेश्वर कहे जाने वाले जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे हैं। करोड़ों रुपए का गबन और अनियमितताएं ग्रामीण विकास की राह में बड़ी बाधा बन रही हैं।

### वित्तीय अनियमितता : दस्तावेजों का अभाव और लापरवाही

वित्तीय अनियमितता के अंतर्गत दस्तावेजों की अनुपलब्धता, बिना मूल्यांकन के भुगतान, अपूर्ण वित्तीय दस्तावेज, कार्यों में क्षति और पौधरोपण जैसे कार्यों में लापरवाही के मामले शामिल हैं। वर्ष 2023-24 में 4,089 प्रकरणों में 85.64 करोड़ रुपए की अनियमितता दर्ज की गई, जो एक बड़ी राशि है। हालांकि वर्ष 2024-25 में यह संख्या घटकर 15 प्रकरणों तक सीमित रही, जिसमें 15.67 लाख रुपए का नुकसान हुआ। यह कमी सकारात्मक संकेत हो सकती है, लेकिन अभी भी पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी चिंता का विषय बनी हुई है।

### प्रक्रिया का उल्लंघन किया गया साथ ही नियमों की अनदेखी भी की

प्रक्रिया उल्लंघन के तहत दस्तावेजों का संधारण न करना, सूचना बोर्ड न लगाना, जॉब कार्ड अपडेट न करना और एमआईएस प्रविष्टि में चूक जैसे मामले शामिल हैं। वर्ष 2023-24 में 10,000 प्रकरणों में 10.94 करोड़ रुपए की हानि हुई, जो इस श्रेणी में सबसे अधिक प्रकरणों को दर्शाती है। वहीं वर्ष 2024-25 में 167 प्रकरणों में 31.83 लाख रुपए का नुकसान हुआ। यह स्पष्ट करता है कि प्रशासनिक स्तर पर नियमों की अनदेखी और लापरवाही के कारण योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

---

# सस्पेंड डीएफओ और सहायक आयुक्त समेत शिक्षकों के 15 ठिकानों पर छापे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/कोंटा

**जगदलपुर, सुकमा, कोंटा, छिंदगढ़ दंतेवाड़ा और बीजापुर में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम तड़के पहुंची**

शासकीय सेवा में रहकर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के शक में ईओडब्लू और एसीबी की टीम ने रविवार तड़के बस्तर इलाके में धावा बोला और सस्पेंड डीएसपी, सहायक आयुक्त और दो शिक्षकों के 15 ठिकानों पर पड़ताल की। कार्रवाई सुबह 6 बजे से शाम तक जारी रही।

■ डीएफओ, सहायक आयुक्त और पूर्व शिक्षा अधिकारी के निवास व अन्य ठिकानों पर छापा

टीम ने सुकमा में हाल ही में निलंबित डीएफओ अशोक पटेल और बीजापुर में पदस्थ आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त आनंदजी सिंह के जगदलपुर स्थित आवास में धावा बोला। धरमपुरा मार्ग पर स्थित विशाल मेगा मार्ट से सटे वर्गीस कालोनी स्थित निवास में सुबह दर्जन भर अधिकारी तथा सुरक्षा बल के जवान पहुंचे। शनिवार-रविवार अवकाश के चलते सहायक आयुक्त जगदलपुर में थे, सबसे पहले परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल अपने कब्जे में किया गया। तत्पश्चात सहायक आयुक्त से बैंक खाते व अन्य आवश्यक दस्तावेज की बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान ⏭ शेष पेज 6 पर



### आय से अधिक संपत्ति मामले पर जांच : डीएसपी

कोंटा पुरानी बस्ती में शिक्षक के मकान में ईओडब्लू व एसीबी की आठ सदस्यीय टीम द्वारा सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक कार्रवाई चली। कार्रवाई पश्चात ईओडब्लू के अधिकारी डीएसपी रमेश मरकाम ने बताया कि अपराध क्रमांक 15/25 धारा 13 (1) बी 13 (2) भ्रष्ट्राचार अधिनियम के तहत आरोपी श्याम सुंदर चौहान तत्कालीन डीएमसी जिला सुकमा पर दर्ज अपराध के तहत यह कार्रवाई की गई है।


---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप


### पुरी में 200 करोड़ में बनेगा आध्यात्मिक रिजॉर्ट

**कोलकाता।** पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर के पुजारी सेवायत दैतापति भवानी दास ने कहा कि वह इस पवित्र शहर में आध्यात्मिकता पर केन्द्रित 300 कमरों वाला एक आलीशान रिजॉर्ट स्थापित कर रहे हैं। इसका उद्देश्य आधुनिक सुख-सुविधाओं के साथ आध्यात्मिक शांति चाहने वाले तीर्थयात्रियों और यात्रियों को 'सात्विक' अनुभव प्रदान करना है।



### पीएम ने की 58वां बाघ अभयारण्य की सराहना


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाघ अभयारण्यों की सूची में 58वां अभयारण्य शामिल करने की रविवार को सराहना की। उन्होंने कहा कि यह वन्यजीव प्रेमियों के लिए अद्भुत खबर है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को कहा था कि उन्हें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि देश में 58वां बाघ अभयारण्य बन गया है।



---

अंतरराष्ट्रीय मोबाइल फोन चोर गिरोह का भंडाफोड़

# दिल्ली से मोबाइल चोरी बांग्लादेश में सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय मोबाइल चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। ये गिरोह दिल्ली-एनसीआर से मोबाइल फोन चोरी करके बांग्लादेश में सप्लाई करता था। इस गिरोह के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वो चोरी के 48 हाई-एंड मोबाइल फोन लेकर भागने की कोशिश कर रहा था। आरोपी की पहचान अब्दुश (24) के रूप में हुई है, जो कि करीब 20 लाख रुपए के मोबाइल फोन पश्चिम बंगाल ले जाने की कोशिश करते समय पकड़ा गया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया, जांच में पता चला है कि दिल्ली-एनसीआर में संगठित गिरोह सक्रिय हैं। इस गिरोह के सदस्य मेट्रो स्टेशनों, बसों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में लोगों को निशाना बनाते हैं, उनके फोन चुरा लेते हैं।

### 18 महीनों में 800 से अधिक चोरी

पूछताछ के दौरान उसने पिछले 18 महीनों में 800 से अधिक चोरी किए गए फोन की तस्करी करना स्वीकार किया। उसे ऑपरेटर समीर और सलीम ने अवैध व्यापार में फंसाया था। डीसीपी ने आगे बताया कि साइबर सेल अब उसके सहयोगियों की पहचान करने और दिल्ली, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में फैले उसके व्यापक नेटवर्क को खत्म करने के लिए काम कर रही है। तस्करी के मार्गों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

### पड़ोसी देशों में बिक्री

गिरोह का पर्दाफाश दिल्ली पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है, क्योंकि दिल्ली-एनसीआर में बड़ी संख्या में फोन चोरी हो रहे हैं। पुलिस जांच में यह सामने आया कि फोन भारत से बाहर भेजे जा रहे थे। इन मोबाइलो को पड़ोसी देशों बांग्लादेश, नेपाल में ग्रे मार्केट (काला बाजार) में बेचा जाता था।

### चोर से खुला गिरोह का राज

बताते चलें कि पिछले महीने एक मोबाइल चोर की गिरफ्तारी के बाद ही इस गिरोह का पता चला है। दिल्ली पुलिस ने आरोपी चोर के पास से 52 मोबाइल फोन बरामद किए, जिनमें 40 आईफोन थे। आरोपी चोर की पहचान आसिफ के रूप में हुई थी, जो दिल्ली के अमन विहार का निवासी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आसिफ चोरी के मोबाइल सप्लायर के रूप में काम करता है। वह सुल्तानपुरी के जलेबी चौक के पास चोरी के मोबाइल बेचने आने वाला है। पुलिस ने जाल बिछाकर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके पास से चोरी के मोबाइल फोन बरामद कर लिए गए।

---

# अमेरिका से निकले पनामा में फंसे अब जारी हुआ रिहाई का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका से निकाले जाने के बाद बड़ी संख्या में प्रवासी पनामा में फंस गए थे। लोग कागज के टुकड़ों पर संदेश लिखकर और इशारों से मदद की गुहारल गा रहे थे। होटल को ही हिरासत केंद्र में बदल दिया गया और एशियाई देशों के बहुत सारे लोग इसी में फंस गए। कई हफ्तों तक चले मुकदमों और मानवाधिकार आलोचना के बाद पनामा ने अमेरिका से निर्वासित किए गए अनेक प्रवासियों को शनिवार को रिहा कर दिया, जिन्हें एक दूरदराज के शिविर में रखा गया था।



### बदतर हालत में रह रहे

शरणार्थी संबंधी अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत, लोगों को उत्पीड़न से बचने के लिए शरण लेने के लिए आवेदन करने का अधिकार है। लेकिन, अपने देश लौटने से इंकार करने वालों को कोलंबिया से सटी पनामा की सीमा के पास एक दूरस्थ शिविर में भेज दिया गया था।

### पनामा और कोस्टा रिका बनते जा रहे 'ब्लैक होल'

वकीलों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने कहा है कि पनामा और कोस्टा रिका निर्वासितों के लिए 'ब्लैक होल' बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों को लेकर लगातार बढ़ती आलोचना के बीच अपना पल्ला झाड़ने के लिए पनामा के अधिकारियों ने निर्वासितों को रिहा कर दिया है जिससे वे अधर में लटक गए हैं। बताया गया था कि पनामा के होटल में भारत, चीन, वियतनाम, तुर्की, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका और ईरान के 299 प्रवासी थे, जिसमें से 171 ही अपने देश जाने को तैयार थे। वहीं भारतीय दूतावास ने बताया था कि भारतीय प्रवासी होटल में सुरक्षित थे।

---

16 दिन बार आई बुरी खबर

# सुरंग में फंसे 8 मजदूरों में से मिला एक का शव

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

तेलंगाना के श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के अंदर मलबे से एक शव बरामद किया गया है, जहां 22 फरवरी को सुरंग ढहने से आठ श्रमिक फंस गए थे। अधिकारी ने कहा, हाथ दिखाई दे रहा है। बचाव दल फिलहाल मशीन को काटकर फंसे हुए शव को निकालने का काम कर रहे हैं। आंशिक रूप से ध्वस्त सुरंग के अंदर बचाव अभियान रविवार को 16वें दिन में प्रवेश कर गया।



### दो बिंदुओं पर होगी खुदाई

वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, बचाव दल मानव अवशेष खोजी कुत्तों द्वारा चिह्नित दो बिंदुओं पर पांच फुट से अधिक गहराई तक खुदाई करेंगे। आशंका है कि श्रमिक टनल बोरिंग मशीन की दूसरी परत में फंसे हो सकते हैं। केरल पुलिस के बेल्जियन मेलिनोइस नस्ल के कुत्ते 15 फुट की गहराई तक गंध पहचानने में सक्षम हैं।

---


धमतरी जिले के ग्राम सेमरा-सी में मनाया का रंगों का त्योहार

# कोई अनहोनी न हो, इसलिए हफ्तेभर पहले मना ली होली

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूर गांव सेमरा (सी) में होली का त्योहार एक सप्ताह पूर्व रविवार को मनाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा सदियों से चली आ रही है, जिसे ग्रामवासी निभा रहे हैं। बुजुर्गों का कहना है कि गांव के सिरदार देवता ने सदियों पहले स्वप्न में कहा था कि किसी भी त्योहार को मनाने से पहले उन्हें हूम-धूप देना ⏭ शेष पेज 6 पर





**उड़े गुलाल, बजे ढोल-नगाड़े :** रविवार को गांव में होली का जबरदस्त जश्न देखने को मिला। गांव में ढोल नगाड़ों की आवाज के साथ रंग गुलाल से पूरा गांव सरोबार रहा। घरों में दूरदराज से मेहमान, रिश्तेदार, परिचित होली देखने पहुंचे एवं त्योहार को सेलिब्रेट किया। गांव में उत्साह और खुशहाली का माहौल रहा। समय बदला लेकिन गांव की परंपरा अब भी कायम है। इस अनोखी परंपरा के कारण सेमरा (सी) की प्रदेश में खास पहचान बनी है।

### हर त्योहार एक हफ्ते पहले

गांवों की खुशहाली के लिए हर साल दिवाली, होली, पोला और हरेली निर्धारित तारीख से एक सप्ताह पहले मनाई जाती है। सिरदार देवता के मंदिर में महिलाएं नहीं जाती। गांव के बुजुर्गों के मुताबिक सिरदार देव के मंदिर के पास एकजुट होकर हर्षोल्लास से ⏭ शेष पेज 6 पर

---

निर्माणाधीन इमारत में हादसा

# टंकी साफ करते दम घुटा, चार की मौत

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में एक निर्माणाधीन इमारत में पानी की टंकी साफ करते समय रविवार को चार मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने इससे पहले मृतकों की संख्या पांच बताई थी। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया, यह घटना नागपाड़ा इलाके में डिमटीमकर रोड पर स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में अपराह्न करीब 12.30 बजे हुई। पांच लोग टंकी की सफाई करने के लिए उसमें दाखिल हुए और बेहोश हो गए। उन्हें दमकल कर्मियों ने निकाला और जेजे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने चार को मृत घोषित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### ड्रग्स तस्कर की 3.50 करोड़ की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बडगाम जिले में एक कथित मादक पदार्थ तस्कर की 3.50 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति रविवार को कुर्क कर ली। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी गुलाम अहमद डार उर्फ गुलसाका के नदिगाम गांव में 40 दुकानों वाले चार मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और चेक वजीर पानू गांव में करीब छह कनाल जमीन को कुर्क कर लिया गया है। पुलिस ने बताया, ''उक्त संपत्तियों का बाजार मूल्य करीब 3.50 करोड़ रुपये है। पुलिस ने बताया कि उक्त मामला आरोपी के पास से बरामद प्रतिबंधित पदार्थ 'कोडीन फॉस्फेट' और चूरा पोस्त से संबंधित था। बडगाम पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एक मामले के संबंध में यह कार्रवाई की गई है।

### विधायक राजा भैया पर घरेलू हिंसा का मुकदमा दर्ज

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ उनकी पत्नी भानवी सिंह की शिकायत के आधार पर घरेलू हिंसा का मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि राजा भैया के खिलाफ सात मार्च को दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस के मुताबिक भानवी ने अपनी शिकायत में रघुराज पर कई साल तक शारीरिक और मानसिक शोषण करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि पति-पत्नी विगत कई सालों से अलग-अलग रह रहे हैं। पुलिस के मुताबिक भानवी ने अपनी सास सहित ससुराल वालों पर भी उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता ने शुरू में अपनी शादी को बचाने के लिए कानूनी कार्रवाई से परहेज किया, लेकिन उत्पीड़न जारी रहने पर उसने आगे आने का फैसला किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की आगे की जांच जारी है।

मणिपुर में अनिश्चितकालीन बंद, जनजीवन प्रभावित, कई जगह झड़प

# कुकी बहुल इलाकों में फिर भड़की हिंसा, अतिरिक्त बल तैनात

## प्रदर्शनकारियों ने जलाए टायर, पत्थर डालकर रास्ते किए जाम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मणिपुर में सुरक्षाबलों की कार्रवाई के खिलाफ कुकी समुदाय की तरफ से बुलाए गए अनिश्चितकालीन बंद के कारण रविवार को कुकी-बहुल क्षेत्रों में सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। कांगपोकपी जिले में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांत रही, जहां एक दिन पहले यानी शनिवार को कुकी-जो प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पों में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जबकि 40 घायल हो गए थे। चुराचंदपुर और टेंग्नौपाल जिलों के अन्य कुकी बहुल क्षेत्रों में भी प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और पत्थरों से सड़कों को जाम कर दिया। हालांकि, राहत की बात ये है कि ताजा हिंसा की कोई सूचना नहीं है। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। राज्य में कुकी बहुल क्षेत्रों में व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे और सड़कों पर बहुत कम वाहन देखे गए। आंदोलनकारी लोगों से घरों के अंदर रहने की अपील करते देखे गए।

### आईटीएलएफ और केजेडसी का बंद को समर्थन

इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने कुकी जो काउंसिल द्वारा बुलाए गए अनिश्चितकालीन बंद का समर्थन किया है। आईटीएलएफ का कहना है कि सरकार द्वारा मैतेई समुदाय के लोगों को कुकी-जो इलाकों में मुक्त आवाजाही की अनुमति देने का फैसला गलत है और इसी कारण लोगों में आक्रोश है।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू

मणिपुर में मई 2023 से जारी हिंसा में अब तक 250 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। हालात को देखते हुए केंद्र सरकार ने 13 फरवरी को राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया था। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने लोगों से अपील की है कि वे लूटे गए या अवैध हथियारों को सरकार को सौंप दें। पहले इसके लिए 6 मार्च तक की समयसीमा दी गई थी। मणिपुर में हालात अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं और प्रशासन शांति बहाल करने के लिए प्रयास कर रहा है।

### सुरक्षा बल सतर्क

जिले के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-दो (इंफाल-दीमापुर रोड) के साथ गमघीफई और जिले के अन्य हिस्सों में अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गश्त की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को कांगपोकपी जिले के विभिन्न हिस्सों में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़पों के बाद सुरक्षा बल सतर्क हैं।

### मुक्त आवाजाही की अनुमति का विद्रोह

राज्य भर में मुक्त आवाजाही की अनुमति देने के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश का विरोध करने पर कुकी-जो बहुल जिले में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच उस समय झड़पें हुईं, जब पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों के खिलाफ गुलेल का इस्तेमाल किया। सुरक्षाबलों के कम से कम पांच वाहनों के शीशे क्षतिग्रस्त कर दिए गए।

### छापेमारी में सुरक्षा बलों ने बरामद किए हथियार

भारतीय सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कई जिलों में संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान राइफल, कार्बाइन और पिस्तौल समेत 114 हथियार बरामद किए। सिर्फ यही नहीं, ग्रेनेड से विस्फोटक इक्यूपमेंट्स और अन्य सैन्य सप्लाईज भी बरामद किए। कांगपोकपी जिले में बंकर भी नष्ट कर दिए गए। बिष्णुपुर जिले में दो कार्बाइन, दो पिस्तौल, दो राइफल और एक मोर्टार समेत 7 हथियार बरामद किए। छापे में 12 बोर सिंगल बैरल राइफल, थूथन-लोडेड राइफल, एक शॉटगन, 32 मोर्टार और चार विस्फोटक इक्यूपमेंट समेत 55 हथियार बरामद किए गए।

# ईसाई बन चुके 200 परिवारों की हिंदू धर्म में वापसी, मंदिर में बदला 125 साल पुराना चर्च

एजेंसी ▶▶| जयपुर

मध्यप्रदेश सरकार जबरन धर्म परिवर्तन करने वालों के खिलाफ फांसी की सजा का कानून लाने की तैयारी कर रही है, जबकि राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के एक गांव के लोग ईसाई धर्म से हिंदू धर्म में लौटने का ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं। यह गांव गांगड़तलाई पंचायत समिति के अंतर्गत आता है और गांव का नाम सुडलादूधा है। लगभग 125 साल पहले हिंदू धर्म छोड़कर इस गांव के ईसाई बन चुके लोगों ने प्रयागराज महाकुंभ के बाद धर्म वापसी का निर्णय लिया। इसके तहत 200 से ज्यादा लोगों ने हिंदू धर्म में वापसी की। इतना ही नहीं यहां स्थापित 125 साल पुराने चर्च को मंदिर में बदल दिया। पादरी का काम करने वाले गौतम गरासिया ने यह भी कहा कि इस कदम से आसपास के गांवों के लोग भी प्रेरित हो सकते हैं और वे भी हिंदू धर्म की ओर लौट सकते हैं।



### चर्च के पादरी बोले- धर्म वापसी पर बहुत खुशी

गांव के निवासी और चर्च में पादरी का काम करने वाले गौतम गरासिया ने बताया कि हिंदू धर्म में वापसी से उन्हें बहुत खुशी मिली है। इस गांव के लोग 125 साल पहले ईसाई धर्म को अपना चुके थे और अब वे फिर से हिंदू धर्म में लौट रहे हैं। इस गांव के लोग अपने 125 साल पुराने चर्च को अब मंदिर के रूप में बदल चुके हैं, जिसमें रोज पूजा-पाठ होता है।

### मंदिर की दीवारों पर लिखा जय श्रीराम, जय भैरव

राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के सुडलादूधा गांव में कुछ दिनों पहले एक चर्च था, जिसे अब मंदिर में बदल दिया गया है। मंदिर की दीवारों पर अब 'जय श्रीराम' और 'जय भैरव' लिखे हुए हैं। यह चर्च अब एक मंदिर के रूप में फिर से खोला गया है। गांव के लोगों ने यह निर्णय प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ से प्रेरित होकर लिया है।

सेना ने घेरा जंगल

# जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की हलचल, दहशत में लोग

एजेंसी ▶▶| जम्मू

पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के चमरेड क्षेत्र में शनिवार रात व रविवार सुबह आज संदिग्धों की हलचल को देखा गया है। इससे इलाके के लोगों में दहशत फैल गई। आतंकी मूवमेंट की जानकारी लगते ही सुरक्षा बलों ने मोर्चे को संभाला और पूरा जंगल घेर लिया है। सड़कों पर नाकेबंदी करके आतंकियों के खिलाफ तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। पुंछ जिले के चमरेड़ क्षेत्र के जंगलों में संदिग्ध देखें जाने के बाद एडीशनल एसपी पुंछ मोहन शर्मा की अगुवाई में पुलिस, एसओजी और सेना द्वारा क्षेत्र की घेराबंदी करते हुए जंगलों में तलाशी अभियान शुरू किया गया जो लगातार जारी है।



### इसी क्षेत्र में पहले हो चुके हैं हमले

गौरतलब है कि चमरेड़ क्षेत्र के निकट वर्ती क्षेत्र देहरागली में गत वर्ष आतंकियों द्वारा सैन्य वाहन पर हमला किया गया था जिसमें सेना के 5 जवान शहीद हो गए थे। जिसके उपरांत सुरक्षा बलों द्वारा इस क्षेत्र में विशेष रूप से नजर रखी जा रही है और किसी भी संदिग्ध हरकत के उपरांत आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू कर दिए जाते हैं।

### काठमांडू हवाई अड्डे पर ड्रग्स सहित 2 भारतीय गिरफ्तार

काठमांडू के एक हवाई अड्डे पर मादक पदार्थ जब्त करने के बाद दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस ने शनिवार को समाचार बुलेटिन में बताया कि पुलिस ने कल 30 वर्षीय अजीत कुन्नुमपुरथु वर्की और 24 वर्षीय एन डेनसिल के पास से सात किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि बैंकॉक से नेपाल पहुंचने के बाद काठमांडू हवाई अड्डे पर उतरे दोनों लोगों को सुरक्षा जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया।

### एआई से बनाई गईं पेंटिंग्स की नीलामी रही सफल, 6 करोड़ रुपए की हुई कमाई

नई दिल्ली। दुनियाभर में लाखों कला प्रेमी हैं, जो पेंटिंग बनाते हैं या उन्हें संग्रहित करते हैं। आज के आधुनिक युग में विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए भी पेंटिंग बनाई जाने लगी हैं। ऐसी ही पेंटिंग्स को एक नीलामीघर ने इकट्ठा किया और पहली एआई नीलामी का आयोजन कर डाला। यह नीलामी सफल रही और इसके जरिए 6 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई भी की गई। इस आधुनिक और अनोखी नीलामी का आयोजन क्रिस्टीज ने करवाया था, जो 20 फरवरी से लेकर 5 मार्च तक चली थी। इसका आयोजन न्यूयॉर्क में करवाया गया था, लेकिन इसमें उपलब्ध पेंटिंग्स को पाने के लिए लोग ऑनलाइन बोली भी लगा सकते थे। इस नीलामी में एआई द्वारा बनाई गईं 34 पेंटिंग उपलब्ध थीं, जिन्हें अलग-अलग कलाकारों ने तैयार किया था।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

बच्चों सहित 25 की मौत

# ट्रंप की चेतावनी के बाद रूस ने यूक्रेन पर बरसाए बम

एजेंसी ▶▶| कीवी

रूस ने यूक्रेन पर एक बार फिर से जबरदस्त हवाई हमले किए हैं, जिनमें 25 यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो गई है। यूक्रेनी आंतरिक मंत्रालय के अनुसार, कल यूक्रेन के पूर्वी शहर डोब्रोपिलिया और खार्किव क्षेत्र में हुए रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इन हमलों में कम से कम 25 लोगों की जान चली गई, जिनमें पांच बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा, इन हमलों में 37 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इन हमलों से यूक्रेन में नागरिकों की सुरक्षा और बुनियादी ढांचों पर भारी दबाव बढ़ गया है, और देश के विभिन्न हिस्सों में स्थितियों को सामान्य करने में कठिनाई हो रही है।



इस दौरान, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने इन हमलों की कड़ी निंदा की है और कहा कि रूस का यह हमला पूरी दुनिया के लिए एक चेतावनी है कि यह युद्ध केवल एक देश तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए भी खतरे की घंटी है। यूक्रेनी अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे रूस के आक्रमण का मुकाबला करने में यूक्रेन की मदद करें, ताकि नागरिकों को बचाया जा सके और रूस के हमलों का प्रभाव कम किया जा सके।

### यह हमला पूरी दुनिया के लिए चेतावनी

इस दौरान, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने इन हमलों की कड़ी निंदा की है और कहा कि रूस का यह हमला पूरी दुनिया के लिए एक चेतावनी है कि यह युद्ध केवल एक देश तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए भी खतरे की घंटी है। यूक्रेनी अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे रूस के आक्रमण का मुकाबला करने में यूक्रेन की मदद करें। ताकि नागरिकों को बचाया जा सके और रूस के हमलों का प्रभाव कम किया जा सके।

### डोनेट्स्क में भी हमला, 11 मरे, 40 घायल

डोनेट्स्क क्षेत्र में भी इस हमले का भारी असर पड़ा है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, डोनेट्स्क में हुए एक और हमले में कम से कम 11 लोग मारे गए और छह बच्चों सहित 40 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा, खार्किव, ओडेसा और अन्य क्षेत्रों में भी घरों और बुनियादी ढांचों को भारी नुकसान हुआ है।

### रूस ने इन हथियारों का किया प्रयोग

यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रूस ने बैलिस्टिक मिसाइलों, कई रॉकेटों और ड्रोन के जरिए डोब्रोपिलिया पर हमला किया, जिससे आठ बहुमंजिला इमारतों और 30 से अधिक वाहनों को नुकसान हुआ। यूक्रेनी अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि खार्किव क्षेत्र पर एक अलग ड्रोन हमले में तीन नागरिकों की मौत हुई और सात अन्य लोग घायल हो गए।

# 'गेम ऑफ थ्रोन्स' सीरीज का सिंहासन 12 करोड़ में हुआ नीलाम, अन्य चीजें भी बिकीं

## नीलामी में 2000 से ज्यादा वस्तुओं को 900 लॉट में बांटा गया था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गेम ऑफ थ्रोन्स अमेरिका की एक लोकप्रिय सीरीज है, जिसके अब तक 8 सीजन आ चुके हैं। यह सीरीज केवल अमेरिका में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में पसंद की जाती है। गेम ऑफ थ्रोन्स के प्रशंसकों ने इसके प्रति अपने प्यार को दर्शाते हुए 3 दिवसीय नीलामी में भाग लिया। इस नीलामी के दौरान सीरीज का प्रतिष्ठित सिंहासन 12 करोड़ रुपये में बेचा गया। इसके अलावा, 100 से ज्यादा वस्तुएं नीलम हुईं, जिनकी कीमत 1 अरब रुपये तक थी।



**4,500 से अधिक लोगों ने नीलामी में लगाई थी बोली-** इन सभी वस्तुओं की नीलामी अमेरिका के शहर डलास में स्थित हेरिटेज नामक नीलामी घर द्वारा आयोजित की गई थी। नीलामी में शामिल 2,000 से ज्यादा वस्तुओं को 900 लॉट में बांटा गया था। इन वस्तुओं को हासिल करने के लिए कई लोगों ने ऑनलाइन भी बोली लगाई थी। हेरिटेज ने रविवार को कहा कि इस आयोजन में 4,500 से अधिक लोगों ने बोली लगाई, जिससे 1 अरब रुपये तक की कमाई हुई।


### *यह हेरिटेज की अब तक की दूसरी सबसे अच्छी नीलामी रही*

*यह नीलामी हेरिटेज की अब तक की दूसरी सबसे अच्छी नीलामी रही, जो मनोरंजन क्षेत्र से जुड़ी हुई थी। हेरिटेज के कार्यकारी उपाध्यक्ष जो मैडालेना ने एक बयान में कहा, "यह एमी-विजेता पोशाक डिजाइनरों और प्रोप निर्माताओं द्वारा बनाए गए असाधारण खजाने हैं, जिन्होंने जॉर्ज आर.आर. मार्टिन के अद्भुत उपन्यासों को अनुकूलित करने के लिए अथक प्रयास किया। उन्होंने आगे कहा, सभी लोग प्रसिद्ध 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के जादू का एक टुकड़ा हासिल करना चाहते थे।*

### नीलामी के दौरान इन अन्य वस्तुओं ने भी मचाई धूम

नीलामी में जॉन स्नो की प्रसिद्ध तलवार लॉन्गक्ला 3 करोड़ रुपये में बिकी। इसके अलावा, एक भारी केप वाली उनकी रात की घड़ी की पोशाक 2 करोड़ रुपये में नीलाम हुई। डेनेरीज द्वारा पहना गया एक ग्रे साबर पहनावा 94 लाख रुपये में बिका। शो में अपने आखरी दिन पर सेर्सी द्वारा पहनी गई लाल मखमली पोशाक 1 करोड़ रुपये में नीलाम हुई। इनके अलावा कई ऐसी वस्तुएं भी थीं, जिन्हें लाखों रुपये में नीलाम किया गया था।

## शब्द पहेली - 5802



**बाएँ से दाएं-**
1.फिसलना-4
5.गुनाह,जुर्म-4
8.नाव चलानेवाला-3
9.लड़ी,श्रंखला -2
11.ईर्ष्या,डाह-3
12.उद्देश्य,वजह-4
14.भोजन-2
15.थकावट-3
17.जी,चित-2
19.मंत्र पढ़ना-2,3
22.राजपुत्र,राज कुंवर-2,3
25.यात्रा करनेवाला-2
26.समझौता,संधि-3
27.ईसाई साध्वी-2
28.मनमुटाव-4
30.नौकर-3
31.बदला-2
33.गर्भ,कोख-3
35.रुआफ-4
36.सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2.लम्हा,क्षण-2
3.नामित,मनोनीत-4
4.रनिवास,हरम-5
5.बुद्धि-3
6.गोंद,लाख-2
7.हृदयगति,स्पंदन- 4
10.बिम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13.शिक्षा,पाठ-3
16.कालिख,कालापन-3
17.इंकार,मनाही-2
18.झंडा,पताका-2
20.चौकसी, रखवाली-3
21.मोटा आटा, सूजी -2
22.निशा,रात-2
23.अच्छे कुल का-3
24.प्रस्थान,विदा-4
25.यान चलाने वाला-2,3
26.सुंदरी,षोडशी, कुमारी-4
28.प्रार्थना,मनोकामना-4
29.गरल,विष-3
32.ताला (अंग्रेजी-2)
34.पात्र,थापा,संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -5801 का हल**



## सूडोकु नवताल 5812

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |


MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5811 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

# 19 मार्च को धरती पर वापस लौटेंगी सुनीता विलियम्स



**वॉशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसी नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बैरी विल्मोर नौ महीने बाद धरती पर वापस आएंगे। नासा के दोनों अंतरिक्ष यात्री नौ महीने से ज्यादा समय से अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे हुए हैं। नासा ने दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के लिए राहत दल को रवाना करने की मंजूरी दे दी। नासा के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि दोनों स्पेसएक्स ड्रैगन से धरती पर वापस आएंगे। नासा ने दोनों की वापसी की तारीख की भी घोषणा कर दी है। बोइंग स्टारलाइनर में खराबी के कुछ सप्ताह बाद दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स क्रू-9 मिशन भेजा गया था, जिसमें दो सीटें फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों के लिए आरक्षित थीं। दोनों को फरवरी में वापस लौटना था, लेकिन अब 19 मार्च को चारों एक साथ वापस धरती पर वापस लौटेंगे।




### क्रू-9 मिशन से लाया जाएगा वापस

नासा ने बताया स्पेसएक्स क्रू-10 मिशन 12 मार्च को शाम को सात बजकर 48 मिनट पर लॉन्च किया जाएगा। क्रू-10 के पहुंचने के बाद एक सप्ताह तक हैंडओवर प्रक्रिया चलेगी। क्रू-10 में नासा के अंतरिक्ष यात्री एनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापानी स्पेस एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री ताकुया ओनिशी और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री किरिल पेसकोव शामिल हैं।

### नौ महीने से आईएसएस पर फंसे हैं अंतरिक्ष यात्री

सुनीता विलियम्स और उनके साथी बैरी विल्मोर नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में मौजूद हैं। बोइंग स्टारलाइनर में खराबी की वजह से दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी को टाल दिया गया। विलियम्स और विल्मोर 5 जून 2024 को बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए गए थे। यह मिशन सिर्फ आठ दिन का ही था, लेकिन हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी के कारण उनकी वापसी नहीं हो पाई। अब सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर को एलन मस्क की कंपनी के ड्रैगन क्रू कैप्सूल से वापस लाया जाएगा।



### धरती पर लौटने के बाद क्यों नहीं लगेगा सुनीता विलियम्स का मन! सताएगी इस चीज की याद

*वॉशिंगटन। लंबे समय से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसी सुनीता विलियम्स की वापसी की तैयारी पूरी हो गई है। 19 मार्च को उनकी धरती पर वापसी होगी. उनकी वापसी से पहले लोगो में काफी ज्यादा उत्साह है। सुनीता विलियम्स सिर्फ 8 दिन की यात्रा पर अंतरिक्ष स्टेशन पर गई थी, लेकिन वहां करीब 9 महीने उन्होंने समय गुजारा। सुनीता विलियम्स का सफर धरती पर आने के बाद मुश्किलों से भरा होगा। इससे पहले उन्होंने बताया कि उन्हें धरती पर आने पर किस चीज की सबसे ज्यादा याद आएगी। स्पेस स्टेशन से प्रेस कॉन्फ्रेंस में, विलियम्स से पूछा गया कि उन्हें अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा क्या याद आएगा। उन्होंने तुरंत जवाब देते हुए कहा, सब कुछ।*

## रोचक खबरें

### इस स्कूल में हर बच्चे का है एक पौधा बढ़ रही हरियाली की अनोखी परंपरा



**छतरपुर।** 'एक बच्चा, एक पौधा' यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि छतरपुर जिले के लवकुशनगर के शासकीय मॉडल स्कूल की खूबसूरत परंपरा बन चुकी है। यहां हर छात्र के नाम पर एक पौधा लगाया जाता है और उसकी पूरी देखभाल उसी छात्र की जिम्मेदारी होती है। इस पहल का असर ये है कि आज स्कूल परिसर 100 से ज्यादा हरे-भरे पौधों से महक रहा है। स्कूल के शिक्षक रामदेव बताते हैं कि बच्चों में पर्यावरण प्रेम जागरूक करने के लिए यह पहल शुरू की गई। हर पौधे का नाम उस छात्र के नाम पर दर्ज किया जाता है, जिसने उसे लगाया हो साथ ही, छात्रों को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी दी जाती है। वे समय-समय पर पौधों में पानी देने, खरपतवार हटाने और कीड़ों से बचाने का काम करते हैं। यहां हर्र, बहेड़ा और आंवला जैसे औषधीय पौधे लगाए गए हैं, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं वहीं, संतरा, नींबू, आम, अमरूद और केले के पौधे भी बच्चों के नाम से पनप रहे हैं छायादार वृक्षों में अशोक, पीपल, बरगद, कटहल और नीम शामिल हैं, जो गर्मियों में ठंडी छांव देने के लिए तैयार हो रहे हैं। स्कूल के प्राचार्य शिवकुमार सोनी बताते हैं कि 5 साल पहले पूर्व प्राचार्य केजी शुक्ला ने इस 'हरि बगिया' की नींव रखी थी। यह पहल इतनी सफल रही कि आज पूरे स्कूल परिसर में चारों ओर हरियाली ही हरियाली नजर आती है।

### सहेली के प्यार में पागल हुई एक बच्चे की मां, दोनों ने रचाई शादी, फिर दुनिया को कहा अलविदा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बरेली से दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक शादीशुदा महिला को एक लड़की से प्रेम हो गया। इतना ही नहीं, वह दोनों आपस में विवाह भी कर ली। वक्त के बदलने के साथ-साथ रिश्ते भी बदलने लगे हैं। जहां एक शादीशुदा महिला को एक लड़की से प्रेम हो गया, इतना ही नहीं कि दोनों ने आपस में विवाह भी कर लिया। यह सुनने में थोड़ा अजीब लगता है, लेकिन यह काफी हद तक सच भी है। यह घटना बंजरिया गांव की है, जहां रहने वाले राजकुमार सिंह की पत्नी स्वाति का अपनी सहेली से गहरा लगाव हो गया था। स्वाति की गांव की ही एक युवती से दोस्ती थी, जो उनकी सिलाई की दुकान पर डेढ़ साल से काम सीखने आ रही थी। यह दोस्ती धीरे-धीरे प्रेम में बदल गई। दोनों साथ में काम करतीं, घूमतीं और सोशल मीडिया पर वीडियो भी बनातीं। समय के साथ स्वाति का अपनी प्रेमिका के प्रति लगाव इतना बढ़ गया कि उन्होंने घर और परिवार की जिम्मेदारियों से किनारा करना शुरू कर दिया। उनकी 8 साल की बेटी भी मां को समझाने की कोशिश करती, लेकिन स्वाति किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थीं। जब यह रिश्ता परिवार के सामने आया, तो उन्होंने इसका कड़ा विरोध किया। पति राजकुमार ने भी पत्नी को समझाने की कोशिश की, लेकिन स्वाति ने साफ कह दिया कि वह अपनी प्रेमिका के बिना नहीं रह सकतीं।



### यहां के बैंक की मिट्टी भी बिक रही है सोने के भाव, खरीदने वाले की चमक जाती है किस्मत!

**बीजिंग।** कई लोग कुछ चीजों को बड़ा ही लकी मानते हैं और उनका मानना होता है कि अगर ये चीजें हमारे पास रहेगी तो किस्मत यकीनन हमारा साथ देगी। यही कारण है कि लोग लकी चीजों की खोज में कितने भी पैसे खर्च करने के लिए तैयार हो जाते हैं और इसका फायदा कुछ ऐसे दुकानदार उठाते हैं। इसी से जुड़ा एक वीडियो इन दिनों सामने आया है। जहां बैंक की मिट्टी लोगों के लिए लकी साबित हो रही है और लोग इसके लिए मुंह मांगी कीमत देने के लिए भी तैयार है। दरअसल, हुआ यूं कि चीन में इस समय बैंक की मिट्टी को लक से जोड़कर उसका बिजनेस चल रहा है और हैरानी की बात तो ये है कि लोग इसके मुंहमांगी कीमत को देने के लिए तैयार है। हालांकि, बैंक की मिट्टी वाले ट्रेंड का विरोध भी हो रहा। इस तथाकथित बैंक मिट्टी को दुकानदार 888 युआन (करीब 10,200 रुपए) की है। इसको लेकर कहा जा रहा है कि ये बैंक में रखे गमलों और नोटों से निकलने वाले धूल है, जिसे खरीदने से धन और सौभाग्य मिलता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 1 दुकानदार 4 तरह की मिट्टी बेचता है, जो कथित तौर पर 5 मेन चीनी बैंकों से लाई गई है और पांच बैंक एग्रीकल्चरल बैंक ऑफ चाइना, चाइना कंस्ट्रक्शन बैंक, बैंक ऑफ चाइना, इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना और बैंक ऑफ कम्युनिकेशंस है। जिन्हें चाइना का सबसे अमीर बैंक कहते हैं। दुकानदार का दावा है कि उसके यहां मिलने वाली मिट्टी इन पांच बैंकों से इकट्ठा की गई है।




# वापस गिर रहे एलन मस्क के सैटेलाइट, धरती के 'जिगर' में कर देंगे सुराख! वैज्ञानिकों ने दी वॉर्निंग

**यह बात सही है कि एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी द्वारा भेजे गए तमाम सैटेलाइट्स ने अंतरिक्ष में कनेक्टिविटी की क्रांति तो ला दी है। लेकिन, अब वैज्ञानिक एक चीज को लेकर चिंतित हैं। हाल ही में बड़ी संख्या में सैटेलाइट धरती के वायुमंडल में प्रवेश कर जल गए जिससे ओजोन परत पर खतरा मंडराने लगा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इन जलते सैटेलाइट्स से निकलने वाले एल्यूमिनियम ऑक्साइड कण लंबे समय तक वातावरण में रह सकते हैं और ओजोन परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इसे पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा बताया है। ऐसे में सवाल उठता है कि इसको लेकर भविष्य में क्या चर्चा सामने आ सकती है।**

**वॉशिंगटन।** असल में जनवरी में लगभग 120 स्पेसएक्स स्टारलिंक सेटेलाइट्स पृथ्वी के वायुमंडल में जलकर नष्ट हो गए। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रतिदिन तीन से चार सेटेलाइट्स दोबारा पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे कृत्रिम उल्कापात की घटनाएं देखी जा रही हैं। हालांकि, ये नजारा देखने में आकर्षक लग सकता है। लेकिन, वैज्ञानिकों ने इसे पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बताया है।

### सेटेलाइट के जलने से ओजोन परत पर खतरा

वैज्ञानिकों का कहना है कि जब ये सेटेलाइट्स वातावरण में पुनः प्रवेश करते हैं तो इनसे निकलने वाले एल्युमिनियम ऑक्साइड के कण ऊपरी वायुमंडल यानी समताप मंडल में जाकर बस जाते हैं। यह वही परत है जो पृथ्वी को सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाती है। शोध के अनुसार यह एल्युमिनियम ऑक्साइड ओजोन परत को नुकसान पहुंचा सकता है। जिससे भविष्य में गंभीर पर्यावरणीय दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

### वैज्ञानिकों ने बताया पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा




यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के मुताबिक इस समय अंतरिक्ष में 28,000 से अधिक वस्तुएं मौजूद हैं, जिनमें अधिकांश निम्न पृथ्वी कक्षा में हैं। स्पेसएक्स अब तक लगभग 8000 स्टारलिंक सेटेलाइट्स लॉन्च कर चुका है और इसे 12,000 और भेजने की अनुमति मिली हुई है। वहीं, अन्य कंपनियां भी हजारों सेटेलाइट्स लॉन्च करने की योजना बना रही हैं। जिससे भविष्य में यह समस्या और गंभीर हो सकती है।

### एल्युमिनियम ऑक्साइड कणों में हुई बढ़ोतरी

2023 में नासा ने अलास्का में उच्च ऊंचाई पर एक अध्ययन किया, जिसमें पाया गया कि वायुमंडल में 10% से अधिक सूक्ष्म कण सेटेलाइट्स और रॉकेट्स के जलने से उत्पन्न हो रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि 2016 से 2022 के बीच एल्युमिनियम ऑक्साइड कणों की मात्रा आठ गुना बढ़ गई है। यदि सेटेलाइट्स इसी गति से लॉन्च होते रहे तो 2050 तक यह मात्रा 646% तक बढ़ सकती है जिससे ओजोन परत को अपूरणीय क्षति हो सकती है।

### क्या हो सकते हैं संभावित समाधान?

इस समस्या से निपटने के लिए वैज्ञानिकों का सुझाव है कि सेटेलाइट्स में एल्युमिनियम के बजाय कोई दूसरा विकल्प इस्तेमाल किया जाए या उन्हें 'ग्रेवयार्ड ऑर्बिट' में भेजा जाए ताकि वे पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश ही न करें। हाल ही में ईएसए ने स्पेसएक्स के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की है और जीरो डेब्रिस पहल के तहत 2030 तक अंतरिक्ष में नए मलबे को रोकने के लिए कदम उठाने की योजना बनाई जा रही है। बढ़ते सेटेलाइट्स और उनकी वापसी से बन रहे एल्युमिनियम ऑक्साइड कण ओजोन परत के लिए खतरा बन सकते हैं। वैज्ञानिकों की चेतावनी के मुताबिक यदि इस पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो भविष्य में यह पृथ्वी के पर्यावरण और मानव जीवन के लिए गंभीर परिणाम ला सकता है।



### कैसे नुकसान पहुंचा रहा है एल्युमिनियम ऑक्साइड?

*जब सेटेलाइट्स वातावरण में फिर से प्रवेश करते हैं तो वे लगभग 27,000 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से यात्रा करते हैं। इस दौरान अत्यधिक घर्षण के कारण वे तुरंत जल जाते हैं और इनके धातु वाष्पीकृत हो जाते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार जलने की इस प्रक्रिया में सेटेलाइट्स का 40% एल्युमिनियम ऑक्साइड में बदल जाता है। रिसर्च के मुताबिक एक स्टारलिंक सेटेलाइट औसतन 250 किलोग्राम का होता है और उसके जलने से लगभग 30 किलोग्राम एल्युमिनियम ऑक्साइड उत्पन्न होता है जो महीनों से लेकर वर्षों तक वातावरण में बना रह सकता है।*


# समुद्र में 6000 मीटर नीचे मिली 'एलियन' दुनिया हजारों नए जीवों की खोज से वैज्ञानिक भी हक्के-बक्के

* महासागर में इतने नीचे की जिंदगी बेहद कठिन है। तापमान लगभग जमाव बिंदु के पास होता है। पानी का दबाव जबरदस्त होता है। खाने के लिए पोषक तत्व बेहद कम होते हैं। लेकिन, इसके बावजूद, वैज्ञानिकों को यहां 7500 से ज्यादा माइक्रोब्स की अनोखी प्रजातियां मिलीं, जिनमें से 90% बिल्कुल नई थीं!

**नई दिल्ली।** समुद्र में सिर्फ 6 किलोमीटर (करीब 4 मील) गहराई पर एक अलग दुनिया बसी है। नई खोज तो हमें यही बताती है। नए रिसर्च में वैज्ञानिकों ने ऐसी हजारों माइक्रोब्स (सूक्ष्मजीव) प्रजातियों को खोजा है जो पहले कभी नहीं देखी गई थीं। यह खोज मारियाना ट्रेंच समेत महासागर की सबसे गहरी जगहों पर की गई. समुद्र के इस इलाके को हैडल जोन कहते हैं। हैडल जोन 6 किलोमीटर (3.7 मील) से शुरू होता है और यह 11 किलोमीटर (6.8 मील) तक जाता है। यानी यह इतना गहरा है कि 30 एम्पायर स्टेट बिल्डिंग या डेढ़ माउंट एवरेस्ट वहां समा जाए।

वैज्ञानिकों ने पाया कि इन सूक्ष्मजीवों की दो मेन सर्वाइवल स्ट्रैटेजी हैं। सरल लेकिन कुशल लाइफस्टाइल : ऐसे माइक्रोब्स के जीनोम छोटे होते हैं, जिससे वे बहुत सीमित संसाधनों में भी जिंदा रह सकते हैं। इनमें ऐसे एंजाइम होते हैं जो समुद्र के अत्यधिक दबाव और ठंड से निपटने में मदद करते हैं।

लचीले और बहुआयामी माइक्रोब्स : कुछ माइक्रोब्स के जीनोम बड़े होते हैं। ये कई तरह के वातावरण में जीवित रह सकते हैं और विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों का उपयोग कर सकते हैं।



### हर जगह अलग-अलग माइक्रोब्स

इस खोज में एक और दिलचस्प बात पता चली कि समुद्र की गहराइयों में हर जगह अलग-अलग माइक्रोब्स का समूह रहता है। वे छोटी-छोटी जगहों में बस जाते हैं और वहां की परिस्थितियों के मुताबिक खुद को ढाल लेते हैं। नीचे जितनी ज्यादा गहराई होती है, माइक्रोब्स की आपसी मदद उतनी ज्यादा जरूरी हो जाती है। वे एक-दूसरे के साथ पोषक तत्व साझा करते हैं और बायोफिल्म बनाते हैं ताकि खुद को सुरक्षित रख सकें।

### भविष्य के लिहाज से बड़ी खोज

वैज्ञानिकों ने इस रिसर्च का डेटा प्रोजेक्ट के तहत ऑनलाइन उपलब्ध कराया है। इससे हमें न सिर्फ समुद्र की गहराइयों में जीवन कैसे चलता है, यह समझने का मौका मिलेगा, बल्कि यह रिसर्च दवा और बायोटेक्नोलॉजी में भी मदद कर सकती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, 'इस रिसर्च से हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि चरम परिस्थितियों में जीवन कैसे विकसित होता है।' यह स्टडी केल जर्नल में छपी है।

### आजादी के 248 साल बाद अमेरिका को मिली अपनी आधिकारिक भाषा

**वॉशिगटन।** अमेरिका ने अंग्रेजी को कानूनी तौर पर अपनी आधिकारिक भाषा घोषित कर दिया है। इससे अमेरिका में काम करने वाले भारतीय प्रोफेशनल्स और स्टूडेंट्स को काफी ज्यादा फायदा होने वाला है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर आजादी के 248 साल बाद अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा बना दिया। हालांकि, अमेरिका में पहले से ही ज्यादातर काम अंग्रेजी में किए जाते रहे हैं, लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है, जब अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, 'अंग्रेजी को अमेरिका की आधिकारिक भाषा घोषित करने का समय बहुत पहले ही आ गया था।'

**इंडियनऑयल**
IndianOil
CIN - L23201MH1959GOI011388

विपणन प्रभाग — मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय

**रुचि की अभिव्यक्ति**

**इंडियनऑयल,** व्यक्तिगत उद्यमियों, कंपनियों आदि से रुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित करता है, जो उत्पादों/गतिविधियों (एनएफआर - गैर-ईंधन गतिविधियां जैसे ढाबा, रेस्तरां, फार्मेसी स्टोर्स, पीयूसी, कन्वीनियो स्टोर्स आदि) के लिए एक या एक से अधिक स्थानों पर वाणिज्यिक स्टोर स्थापित करने/संचालित करने में रुचि रखते हैं। यह स्वामित्व के तहत या फ्रेंचाइज़ी के माध्यम से खाली/आवृत स्थानों (20 वर्ग फुट से 1000 वर्ग फुट तक) पर, वास्तविक स्थल के अनुसार/स्थिति में स्थित, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों में **इंडियनऑयल के रिटेल आउटलेट्स (पेट्रोल पंपों)** के भीतर किया जा सकता है। इंडियनऑयल अपनी प्रचलित नीतियों के आधार पर व्यावसायिक शर्तों और शर्तों पर इच्छुक पक्षों के साथ बातचीत करेगा।

इच्छुक आवेदक पोर्टल **https://iocletenders.nic.in** पर विवरण प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें **टेंडर आईडी: 2025_MPSO_184122_1** दी गई है। किसी भी संशोधन के लिए, इसी वेबसाइट पर जानकारी प्रकाशित की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए, **www.iocl.com/suppliers-notices** पर जा सकते हैं।

आवेदन की अंतिम तिथि ई-टेंडर पोर्टल पर अपलोड, ईमेल या निम्नलिखित पते पर डाक द्वारा इस प्रकार है कि आवेदन इंडियनऑयल को **10.04.2025** तक **शाम 5:00 बजे** तक प्राप्त हो जाए।

**संपर्क करें: उप महाप्रबंधक (RS-NFR और AE), मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय, भोपाल**

| State | Name | Mobile No | E mail |
|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य | अनूप कुशवाह | 9448284540 | akushwah@indianoil.in |
| Address: मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (विपणन प्रभाग) इंडियन ऑयल भवन, 16, अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल - 462011 | | | |

**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
छठवीं मंजिल टावर ''सी'' कमर्शियल कॉम्प्लेक्स,
सी.बी.डी. सेक्टर 21, मुख्यालय, अटल नगर, जिला-रायपुर 492002
Website-www.markfed.cg.inic.in, E-Mail Id:-Mf ctrlroom raipur@gov.in, cgmarkfedtax2023@gmail.com,contact no. - 0771-2425426

क्रमांक/लेखा/कराधान/323/6134/2025
न.रा.अ.न. 07/03/2025

रूचि की अभिव्यक्ति

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित मुख्यालय का जी.एस.टी. (क्रमांक 22AAAAC0934E1ZJ) का एकीकृत विवरणी दाखिला तथा मुख्यालय एवं अधीनस्थ 34 जिला इकाई कार्यालयों (जी.एस.टी. टी.डी.एस. क्रमांक पृथक-पृथक) का माहवार विवरणी दाखिला से संबंधित समस्त कार्यवाही किये जाने के लिए पंजीयक सहकारी संस्थाऐं छ.ग. में सूचीबद्ध सनदी लेखाकार फर्मो से दरे प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। यह दरें वित्तीय वर्ष 2025-26 (अवधि 01-04-2025 से 31-03-2026 तक) के लिए प्रभावशील होगी। विस्तृत शर्ते कार्यालय की वेबसाईड www.markfed.cg.inic.in, में उपलब्ध है।

प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 25/03/2025 समय 12 बजे।
(प्रबंध संचालक द्वारा अनुमोदित)

संवाद-43137 — (मो. इमरान खान) मुख्यलेखाधिकारी सह वित्तीय नियंत्रक



## चिंतन

# खालिस्तान समर्थक विदेशी सरजमीं पर फैला रहे फन

वि देशों में भारत विरोधी ताकतें लगातार फन फैला रही हैं। पांच दिन पूर्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर की गाड़ी को लंदन में खालिस्तानी समर्थकों ने घेर लिया। उनमें से एक ने उनकी गाड़ी के सामने आकर देश की शान तिरंगे झंडे को भी फाड़ा। यह कोई सामान्य घटना नहीं थी। अब अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। ये घटना चिनो हिल्स इलाके में हुई। आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका में खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा भारतीय दूतावासों, प्रवासियों और मंदिरों पर हमलों का सिलसिला साफ दर्शाता है कि यह सब सुनियोजित अभियान के तहत हो रहा है, जिसका लक्ष्य पंजाब में अलगाववादी ताकतों को पुनर्जीवित करना है। पश्चिमी देशों को अड्डा बनाकर उग्रवादी प्रचार, वित्तीय अनुदान और हिंसक गतिविधियों को तेज करके पंजाब में दोबारा नफरत की आग लगाने की चेष्टा हो रही है। परेशानी केवल इतनी नहीं है कि खालिस्तानी अतिवादियों को पश्चिमी देशों में शरण मिल रही है, बल्कि यह भी है कि वहां की सरकारें इस खतरे की अनदेखी कर रही हैं, उन्हें सुरक्षा माहौल भी दिया जा रहा है। इस पूरे फसाद की जड़ में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआई का सहयोग साफ दिखाई दे रहा है। यह मामला गिने-चुने सिरफिरे खालिस्तानी कट्टरपंथियों का नहीं, बल्कि भारत के विरुद्ध एक बड़े विदेशी षड्यंत्र का है। खालिस्तानियों पर विदेशों में भी हमारी सुरक्षा एजेंसियां पैनी नजर रखती आई हैं। ऐसे तत्वों के नापाक मंसूबों की जानकारी भी समय-समय पर संबंधित देशों को दी गई, लेकिन इनके खिलाफ कोई गंभीर कार्रवाई नहीं हो पाई। यहां तक कि कनाड़ा में तो वहां की सरकार ही इनके समर्थन में खड़ी नजर आई। कुछ ब्रिटिश गुरुद्वारों में खालिस्तान समर्थकों की ओर से भारत के खिलाफ चंदा इकठ्ठा करने और खालिस्तान को लेकर जनमत संग्रह के बारे में भी भारतीय एजेंसियों ने विदेशी एजेंसियों को आगाह किया। बीते कुछ वर्षों में खालिस्तान समर्थकों ने कई देशों में ऐसे जनमत संग्रह आयोजित किए हैं, जिनमें ब्रिटेन, कनाडा, और अमेरिका शामिल हैं। ये आयोजन अक्सर विवादास्पद होते हैं और भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देते हैं। ऐसे जनमत संग्रह पंजाब को मुक्त करने के नाम पर आयोजित किए जाते हैं। भारतीय एजेंसियां कई षड्यंत्रों का भंडाफोड़ इसलिए नहीं कर पातीं, क्योंकि जिन देशों में ऐसी गतिविधियां संचालित होती हैं, वे खालिस्तान समर्थकों को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा नहीं मानते। इन देशों में अधिकाधिक ध्यान इस्लामिक जिहादी आतंक पर दिया जाता है और रत्ती भर भी खालिस्तान से जुड़ी गतिविधियों पर नहीं रहता। खालिस्तान समर्थकों को खुली छूट है, क्योंकि वे इन देशों के नागरिकों और अधिष्ठानों पर हमले नहीं करते। ऐसे में भारत इन देशों में और क्या करे जिससे हमारे सरोकारों को लेकर जागरुकता और समानुभूति बढ़े? वास्तव में, हमें इस मुद्दे को पश्चिमी देशों के साथ 'सामरिक साझेदारी' और सहयोग का अहम विषय बनाना होगा। जिन देशों ने भारत के साथ 'खुफिया साझेदारी' पर सहमति जताई है, उन्हें खालिस्तानी-पाकिस्तानी मिलीभगत पर केंद्रित संयुक्त कार्रवाई को प्राथमिकता देने के लिए तैयार करना होगा। इन देशों से दो टूक बात करनी होगी कि अगर उनकी सरजमीं पर भारत के खिलाफ कोई गतिविधि होती है तो इसका असर सीधा दोनों देशों के रिश्तों पर होगा। तभी हम इन पर लगाम लगा सकते हैं।



दो टूक
प्रमोद भार्गव

अब हम उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब कश्मीर के उस हिस्से की वापसी होगी, जिस पर अवैध तौर से पाकिस्तान ने कब्जा किया हुआ है। इस हिस्से के कश्मीर में आते ही इस समस्या का समाधान पूरी तरह हो जाएगा। पाकिस्तान सरकार गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोगों को विदेशी मानती है, बावजूद भारतीय कश्मीर को हथियाने की होड़ में लगी रहती है। गुलाम कश्मीर के हिस्से में गिलकिट-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और मीरपुर आते हैं। पाकिस्तान रणनीतिक रूप से गिलगिट-बाल्टिस्तान को पांचवां प्रांत बना लेने की फिराक में लगा है। पाकिस्तान यहां सुन्नी मुसलमानों की संख्या बढ़ाकर इस पूरे क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व बदलने के प्रयास में भी लगा है।

# गुलाम कश्मीर की वापसी ही समाधान

वि देश मंत्री एस. जयशंकर ने कश्मीर के हालात और भारत सरकार की तरफ से उठाए गए संवैधानिक कदमों के बारे में लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में 'विश्व में भारत का उदय और भूमिका' विषय पर बोलते हुए कहा कि कश्मीर के विवाद का समाधान कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद संभव हो जाएगा। भारत का यह हिस्सा अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। वैसे हमने कश्मीर के सिलसिले में ज्यादातर मुद्दों का हल निकाल लिया है। इस बाबत कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद-370 का समापन पहला कदम था। कश्मीर में विकास, आर्थिक गतिविधि और सामाजिक न्याय को बहाल करना दूसरा कदम था।

तीसरा कदम कश्मीर में भारतीय संविधान में निहित लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुसार चुनाव कराना था। इसमें मत प्रतिशत का अच्छा होना इस बात की तस्दीक है कि जम्मू-कश्मीर की जनता भारतीय लोकतंत्र का समर्थन कर रही है। अब हम उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब कश्मीर के उस हिस्से की वापसी होगी, जिस पर अवैध तौर से पाकिस्तान ने कब्जा किया हुआ है। इस हिस्से के कश्मीर में आते ही इस समस्या का समाधान पूरी तरह हो जाएगा। पाकिस्तान सरकार गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोगों को विदेशी मानती है, बावजूद भारतीय कश्मीर को हथियाने की होड़ में लगी रहती है। गुलाम कश्मीर के हिस्से में गिलकिट-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और मीरपुर आते हैं। भारत की आजादी के पहले कश्मीर एक स्वतंत्र राज्य था। यहां डोगरा राजपूत वंश के राजा हरिसिंह शासक थे। कश्मीर में मुसलमानों की आबादी अधिक थी। इसलिए पाकिस्तान का मानना था कि कश्मीर उसके अधिकार क्षेत्र में होना चाहिए। इस मानसिकता के चलते पाक ने कश्मीर राज्य पर पाकिस्तान में विलय का नाजायज दबाव बनाया। लेकिन हरिसिंह इस दबाव में नहीं आए। तब 1948 में पाकिस्तान की सेना ने कबाइलियों के वेश में कश्मीर पर हमला कर दिया। किंतु हरिसिंह की समय पर भारतीय सेना ने मदद की और पाक सेना को न केवल खदेड़ दिया, बल्कि संपूर्ण कश्मीर के एक तिहाई हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया। इसी बीच कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र में पहुंचा और 5 जनवरी 1949 को युद्ध विराम की घोषणा कर दी गई। युद्ध विराम के वक्त जो सेनाएं जिस भूमि पर थीं, उसे ही युद्ध विराम की रेखा मान लिया गया। यही आज नियंत्रण रेखा (एलओसी) मानी जाती है। इस कारण पीओके जिसे पाक अधिकृत कश्मीर कहा जाता है, वह पाकिस्तान के हिस्से में है और श्रीनगर समेत शेष कश्मीर भारत के हिस्से में है। किंतु अब कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद शांति और विकास की हवा चल पड़ी है और कश्मीरी स्वयं आतंकियों की घुसपैठ की खबर स्थानीय पुलिस और सेना को देने लगे हैं।

इन युद्धों और आतंकी घुसपैठियों की मदद में पाकिस्तान इतना धन और हथियार बर्बाद कर चुका है कि उसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। दूसरी तरफ जिस आतंकवाद का जनक पाकिस्तान रहा है, वही आतंकवाद उसके लिए अब पीओके में चुनौती बनकर सामने आ रहा है। पाक में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद नगर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने गोली बरसाते हुए



हमला किया। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला बोल दिया। इसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। इन हमलों की जुम्मेबारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की मजीद ब्रिगेड ने ली है। इस्लामाबाद से 200 किमी दूर स्थित दासू हाइड्रो प्रोजेक्ट का निर्माण चीनी कंपनी कर रही है। 2021 में भी इस परियोजना पर काम कर रहे नौ चीनी इंजीनियरों सहित 13 लोगों को बलूच हमलावरों ने मार गिराया था। दरअसल बलूचिस्तान प्रांत के नागरिक मानते हैं कि पाक सरकार उनके प्रांत के हितों की लंबे समय से अनदेखी कर रही है। यहां के लोग इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप का भी विरोध कर रहे हैं। दासू हाइड्रोप्रेजेक्ट और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण के अंतर्गत कई परियोजनाएं पीओके में निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं का विरोध लगातार हो रहा है। लेकिन पाक सरकार धन के लालच में चीन के सुरसामुख में फंस चुकी है। देश में चल रही आर्थिक बदहाली के कारण भी सरकार चीन का दामन नहीं छोड़ पा रही है। चीन से उसकी मित्रता का कारण धन का लालच तो है ही, भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्ते भी हैं। पाक की तरह चीन से भी भारत का सीमा पर निरंतर तनाव बना हुआ है। अब पीओके में आतंकी शक्तियां इतनी मजबूत हो गईं हैं कि पाक का ईरान और अफगानिस्तान से भी मधुर संबंध बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। पीओके की परिधि में आने वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्से हैं। बावजूद पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं। लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाक की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है। इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। निर्वाचन की प्रक्रिया से गुजरने के बावजूद यहां की विधानसभा को अपने बूते कोई कानून बनाने का अधिकार नहीं है। सारे फैसले एक परिषद लेती है, जिसके अध्यक्ष पाकिस्तान के पदेन प्रधानमंत्री होते हैं। लिहाजा चुनाव के बावजूद भी यहां विद्रोह की आग सुलगी रहती है। यह आग अस्तोर, दियामिर और हुनजा समेत उन सब इलाकों में सुलगी रहती है, जो शिया बहुल हैं। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में शिया और अहमदिया मुस्लिमों समेत सभी धार्मिक अल्पसंख्यक प्रताड़ित किए जा रहे हैं। यअहमदिया मुस्लिमों के साथ तो पाक के मुस्लिम समाज और हुकूमत ने भी ज्यादती बरती है। 1947 में उन्हें गैर मुस्लिम घोषित कर दिया गया था। तब से वे न केवल बेगाने हैं, बल्कि हिंदू, सिख व ईसाइयों की तरह मजहबी चरमपंथियों के निशाने पर भी रहते हैं।चीन की एक और बड़ी योजना है, 'चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर' जिसकी लागत 3 लाख 51 हजार करोड़ है। यह गलियारा गिलगिट-बाल्टिस्तान से गुजर रहा है। इस गलियारे के निर्माण में लगे चीनी नागरिकों की आतंकी संगठन बीएलए हत्याएं कर रहा है। चूंकि यह क्षेत्र अधिकारिक रूप से भारत का है, इसलिए भारत भी इस परियोजना का लगातार विरोध कर रहा है। पाकिस्तान रणनीतिक रूप से गिलगिट-बाल्टिस्तान को पांचवां प्रांत बना लेने की फिराक में लगा है। पाकिस्तान यहां सुन्नी मुसलमानों की संख्या बढ़ाकर इस पूरे क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व बदलने के प्रयास में भी लगा है। इन कारणों के चलते यहां के मूल बलूचों की पाकिस्तान के प्रति जबरदस्त नाराजगी है और वे निर्णायक लड़ाई लड़कर भारत में विलय होने की कोशिश में लगे हैं।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## पुण्यतिथि विशेष
हर्षवर्धन पाण्डे



# सावित्रीबाई फुले : देश की पहली महिला शिक्षिका

शि क्षा एकमात्र ऐसा हथियार है जिससे हम अपना और राष्ट्र का विकास कर सकते हैं। वैसे तो पुरातन काल में हमारे देश में पुरुषों को ही शिक्षा ग्रहण करने की अनुमति दी जाती थी लेकिन सभी पुरानी जंजीरों को तोड़ते हुए महिलाओं को शिक्षा देने के उद्देश्य से समाज के सामने देश की सबसे पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का विलक्षण व्यक्तित्व सामने आता है। एक दौर में जब महिलाओं को घर की चारदीवारी में कैद रखा जाता था, सावित्रीबाई फुले ने समाज की रूढ़िवादी मान्यताओं को चुनौती देते हुए नारी सशक्तिकरण का बिगुल बजाया। महज नौ वर्ष की उम्र में विवाह बंधन में बंधी सावित्रीबाई ने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर समाज सुधार के अनेक कार्य किए। वह भारत की पहली महिला शिक्षिका, समाज सुधारक थीं, जिन्होंने महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए कड़ा संघर्ष किया। उनके प्रयासों से शिक्षा के माध्यम से सामाजिक और शैक्षणिक क्रांति की नींव पड़ी। सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को पुणे के नजदीक नायगांव में हुआ था। उन्होंने न केवल महिलाओं के शिक्षा अधिकार की वकालत की, बल्कि समाज के उत्पीड़ित वर्गों के लिए भी कार्य किया। सावित्रीबाई ने अपनी शादी के बाद ही शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा और एक नई दिशा की ओर बढ़ी। 1 जनवरी 1848 को सावित्रीबाई और ज्योतिबा फुले ने पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल खोला। यह उस समय सामाजिक रूढ़ियों के विरुद्ध एक क्रांतिकारी कदम था। इस पहल का रूढ़िवादी समाज ने घोर विरोध किया। उन्हें अपमान सहना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। धीरे-धीरे फुले दंपति ने पुणे और उसके आसपास के गांवों में 18 स्कूलों की स्थापना की। सावित्रीबाई जब पढ़ने स्कूल जाती थीं तो लोग उन्हें पत्थर, कूड़ा और कीचड़ फेंकते थे। वह अपने साथ एक जोड़ी कपड़ा साथ लेकर जाती थीं और स्कूल पहुंचकर गोबर और कीचड़ से गंदे हो गए कपड़ों को बदल लेती थीं। उन्होंने हिम्मत नहीं और और हर चुनौती का सामना किया। पढ़ने के बाद उन्होंने दूसरी लड़कियों और दलितों के लिए एजुकेशन पर काम करना किया। सावित्रीबाई फुले को शिक्षा के क्षेत्र में महान योगदान देने के लिए हमेशा याद किया जाएगा। सावित्रीबाई फुले ने अपनी शिक्षा प्रणाली में जातिवाद, धर्मवाद और लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने का प्रयास किया। उन्होंने सिखाया कि शिक्षा केवल एक व्यक्ति की क्षमता का निर्माण नहीं करती, बल्कि यह समाज को भी एक बेहतर दिशा में मार्गदर्शन देती है। उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा और विधवा पुनर्विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। सावित्रीबाई ने 1854 में 'सीनियर स्कूल' में दलित बच्चों को भी शिक्षा देने की पहल की थी। इससे यह साबित हुआ कि उनके लिए किसी भी जाति या धर्म के बच्चों के लिए शिक्षा का अधिकार समान था। उन्होंने यह भी सिखाया कि समाज में लैंगिक समानता और अधिकारों की स्थिति को लेकर पुरुषों और महिलाओं को एक समान दृष्टिकोण रखना चाहिए। महाराष्ट्र में 1875 से 1877 के बीच बहुत बड़ा अकाल पड़ा था। सभी बहुत बीमार पड़ रहे थे। सावित्रीबाई ने सत्यशोधक समाज नाम के एक समूह का नेतृत्व किया। इस समूह के लोगों ने बहुत सारे बीमार लोगों की मदद की। सत्यशोधक समाज के लोग बिना किसी पंडित या पुजारी के शादियां करवाते थे। 1896 में महाराष्ट्र में दोबारा बहुत बड़ा अकाल पड़ा। इस दौरान सावित्रीबाई को पता चला कि उनके दोस्त पांडुरंग बाबाजी गायकवाड़ का बेटा बहुत बीमार है। सावित्रीबाई तुरंत उनके पास गईं और बीमार बच्चे को अपनी पीठ पर उठाकर डॉक्टर के पास ले गईं। इस दौरान खुद सावित्रीबाई भी बीमार हो गईं। उन्हें प्लेग नाम की बीमारी हो गई थी। इसी बीमारी की वजह से 10 मार्च, 1897 को सावित्रीबाई फुले का निधन हो गया।

सावित्रीबाई फुले की यात्रा यह सिखाती है कि जब तक समाज में समानता और न्याय नहीं आता, तब तक निरंतर संघर्ष करना आवश्यक है। उनके द्वारा किए गए कार्यों ने न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया में महिलाओं और उत्पीड़ित वर्गों के लिए एक नया रास्ता खोला। उनकी निडर भावना और यथास्थिति को चुनौती देने का दृढ़ संकल्प अविश्वसनीय है। हर तरह के दमन और भेदभाव के खिलाफ उनकी लड़ाई प्रशंसनीय है। फुले ने महिलाओं को शिक्षा और आत्मनिर्भरता का जो अमूल्य उपहार दिया, उसकी बदौलत वह आज भी याद की जाती हैं। उनके जीवन ने यह साबित किया कि समर्पण, लगन और संघर्ष से समाज की हर बाधा को पार किया जा सकता है। महिला शिक्षा को लेकर उनका योगदान कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आपके भीतर है आनंद, जिसे बाहर न खोजें



संकलित
**दर्शन**

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं। जहां जाएंगे, वहां ले जा सकते हैं।

## ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित
**प्रेरणा**

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## यूर उत्सव



*लाहौल-स्पीति जिले के मडग्रां में रविवार को यूर उत्सव के दौरान ग्रामीण बर्फ के 12 फीट ऊंचे शिवलिंग के पास अनुष्ठान करते हुए।*

## आज की पाती

### महिलाओं को विकास के समान अवसर दे

सृष्टि की जब से रचना हुई है, इस पूरे संसार को सजाने व संवारने का काम मात्र दो ही प्राणियों ने किया है और वे दो प्राणी हैं- पुरुष एवं स्त्री। परंतु समस्त संसार की रचना में दो प्राणियों में भी अगर सबसे अधिक महत्वपूर्ण योगदान है तो वह एक स्त्री का, एक औरत का, एक नारी का, क्योंकि वह समस्त संसार की जननी है, समस्त संसार की उत्पत्ति उसकी कोख से होती है, या यूं कह लें कि स्त्री के बिना सांसारिक रचना की कल्पना मात्र भी नहीं की जा सकती है। यह भी कहा जाता है कि हर एक कामयाब पुरुष के पीछे एक सफल औरत का हाथ होता है। संसार भर में औरतों के सम्मान के लिए एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के लिए समर्पित है। इस दिवस को मनाने का औचित्य तभी है, अगर महिलाओं को विकास के समान अवसर दे दिए जाएं। *- विनय कुमार साहू*

## ट्रेंड

### वन्यजीवों की रक्षा

भारत वन्यजीव विविधता और वन्यजीवों का जश्न मनाने वाली संस्कृति से धन्य है। हम हमेशा जानवरों की रक्षा करने और एक स्थायी ग्रह में योगदान देने में सबसे आगे रहेंगे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### पुस्तकें विरासत की वाहक

पुस्तकें केवल ज्ञान की स्रोत ही नहीं, बल्कि परंपरा व विरासत की वाहक भी होती हैं। आज अहमदाबाद में सस्तु साहित्य मुद्रणालय द्वारा साल 2024-25 में पुनः प्रकाशित 24 पुस्तकों का विमोचन किया। सस्तु कम कीमतों में पुस्तकों का प्रकाशन कर आर्थिक बाधाओं को समाप्त करने में अहम योगदान दे रहा है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### मिलकर खुशियां बांटें

होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है! आइए, इन रंगों के साथ मिलकर खुशियाँ बाँटें और प्रेम का यह सिलसिला यूं ही बना रहे !

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### दिल से जुड़ा रिश्ता

मैं अपने और दर्शकों के बीच एक दिल से जुड़ा रिश्ता बनाने की कोशिश करता हूँ। लेकिन अब उन्हें आँकड़ों की तरह देखा जाता है। उन लोगों द्वारा जो मेरे और मेरे चाहने वालों के बीच द्वारपाल बन गए हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार



## करंट अफेयर

# ओडिशा के द्वीप पर 33 साल बाद दिखे ओलिव कछुए

ओडिशा के गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य के एकाकुलानासी द्वीप पर लुप्तप्राय ओलिव रिडले कछुए फिर से दिखाई दिए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि 33 वर्षों के अंतराल के बाद यह कछुए सामूहिक रूप से अंडे देने और उन्हें सेने के लिए आए हैं। सहायक वन संरक्षक मानस दास ने कहा, 'द्वीप का रमणीय समुद्र तट समुद्री कटाव से प्रभावित हुआ, जिसके कारण समुद्र तट का स्वरूप छोटा हो गया। हालांकि, 2020 से इसमें वृद्धि शुरू हुई और अब समुद्र तट का पहले की तुलना में विस्तार हुआ है। यह कछुओं के लिए अंडे देने के लिए सामूहिक रूप से आने के लिए अनुकूल साबित हुआ है।' दास ने कहा कि कछुओं की



यह समुद्री प्रजाति आखिरी बार 1992 में समुद्र तट पर दिखाई दी थी, जब तीन लाख कछुओं ने अंडे दिए थे। उन्होंने कहा, 'यह ओडिशा वन विभाग के नेतृत्व में चल रही कछुआ संरक्षण पहल में एक अत्यंत सकारात्मक प्रगति है।' हर साल ओडिशा तट पर लाखों की संख्या में ओलिव रिडले कछुए सामूहिक रूप से अंडे देने के लिए आते हैं।

## ऑफ बीट

# अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है

अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है।



लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है।अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

09- MAR- COR- MAIN- Pg- 7 VAYPAR_Layout 1 3/9/2025 9:30 PM Page 1



# चांदी की चमक बरकरार, इस साल दिया 11 फीसदी का रिटर्न

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच चांदी भी निवेशकों को निवेश के लिहाज से आकर्षित कर रही है और इसने इस साल अबतक लगभग 11 प्रतिशत का रिटर्न (प्रतिफल) दिया है।

■ सोने की तुलना में चांदी में उतार-चढ़ाव ज्यादा है

इसके बावजूद विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत बुनियाद और अन्य मूल्यवान धातुओं की तुलना में सस्ती कीमतों के साथ, चांदी का प्रदर्शन रिटर्न के लिहाज से अगले दो-तीन साल बेहतर रहने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि सोने की तुलना में चांदी में उतार-चढ़ाव अधिक होता है। इसका कारण यह निवेश परिसंपत्ति के साथ-साथ औद्योगिक धातु के रूप में उपयोगी और आकर्षक है। लेकिन यह सोने की तुलना में अधिक किफायती है, जिससे छोटे निवेशकों के लिए इसे खरीदना आसान हो जाता है।

## चांदी का प्रदर्शन रिटर्न के लिहाज से दो-तीन साल बेहतर रहेगा

### निवेशक संभावनाओं को लेकर सतर्क

कलंत्री ने कहा, '' चांदी के हाल के प्रदर्शन को देखते हुए निवेशक आने वाले समय में इसमें संभावनाओं को लेकर सतर्क हुए हैं। वर्तमान में, चांदी वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान 25 अप्रैल, 2011 को निर्धारित अपने रिकॉर्ड 50 डॉलर प्रति औंस से लगभग 35 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रही है। कीमत का यह स्तर बाजार में तेजी की उम्मीद करने वालों के लिए निवेश को लेकर एक आकर्षक प्रवेश बिंदु का संकेत हो सकता है।''



### अन्य धातुओं की तुलना में चांदी का प्रदर्शन बेहतर

अन्य कीमती धातुओं की तुलना में मजबूत बुनियाद और सस्ती कीमतों के साथ, अगले दो-तीन साल के परिदृश्य के हिसाब से रिटर्न के मामले में चांदी का प्रदर्शन अन्य कीमती धातुओं से बेहतर रहने की उम्मीद है। इसलिए उच्च रिटर्न को देखते हुए चांदी में निवेश अब भी बेहतर जान पड़ता है।'

*औद्योगिक मांग बने रहेगी : चांदी के भाव में तेजी के कारणों के बारे में पूछे जाने पर माथुर ने कहा, ''इस साल कीमती धातु के रूप में चांदी की कीमत लगातार ऊपर चढ़ रही है, जिसका मुख्य कारण अमेरिका की अनिश्चित व्यापार नीतियां हैं। इससे इस साल सुरक्षित निवेश के रूप में सफेद धातु में प्रवाह देखा जा रहा है। औद्योगिक मांग बनी रहने के साथ अमेरिका में प्रमुख ब्याज दर के 2025 में नीचे आने की संभावना के साथ चांदी की बुनियाद मजबूत बनी हुई है।*

### पिछले दो साल से चांदी का मजबूत प्रदर्शन

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, '' देश में चांदी की कीमत एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) वायदा में बीते वर्ष 17.50 प्रतिशत चढ़ी है और यह 10 साल के औसत रिटर्न 9.56 प्रतिशत से अधिक है। पिछले दो साल में इसमें मजबूत प्रदर्शन देखने को मिला है और इस साल भी अबतक इसमें 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।''

## भारतीय दवा निर्माताओं पर गंभीर असर पड़ेगा

# अमेरिकी शुल्क का फार्मा पर होगा सबसे ज्यादा असर, वाहन क्षेत्र पर प्रभाव कम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका में फार्मा आयात पर बढ़ाए गए शुल्क से भारतीय दवा निर्माताओं पर गंभीर असर पड़ सकता है क्योंकि इससे उनकी उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जिससे अन्य देशों के उत्पादों के मुकाबले निर्यात कम प्रतिस्पर्धी हो जाएगा।

कम मार्जिन पर काम करने वाली छोटी दवा कंपनियों पर गंभीर दबाव पड़ सकता है, जिससे उन्हें एकीकरण या कारोबार बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। दूसरी ओर, वाहन क्षेत्र पर इसका बहुत कम प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, क्योंकि अमेरिका एक छोटा निर्यात बाजार है।

### अमेरिकी दवा पर 10 फीसदी का शुल्क लगता है

भारत को बहुत अधिक शुल्क वाला देश बताते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर जवाबी शुल्क दो अप्रैल से लागू होंगे। भारत वर्तमान में अमेरिकी दवाओं पर लगभग 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाता है, जबकि अमेरिका भारतीय दवाओं पर कोई आयात शुल्क नहीं लगाता है।



■ भारतीय दवा निर्माताओं की उत्पादन लागत बढ़ जाएगी
■ अन्य देशों के उत्पादों के मुकाबले निर्यात कम प्रतिस्पर्धी होगा
■ छोटी दवा कंपनियों पर गंभीर असर पड़ सकता है

*भारत काफी हद तक अमेरिका बाजार पर निर्भर*
*शर्मा ने कहा कि भारत का दवा उद्योग वर्तमान में अमेरिकी बाजार पर काफी हद तक निर्भर है, और इसके कुल निर्यात में अमेरिका का हिस्सा लगभग एक-तिहाई है। शर्मा ने कहा कि शुल्क लगाने से अमेरिका अनजाने में अपने घरेलू स्वास्थ्य देखभाल लागत में वृद्धि कर सकता है, जिससे उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ेगा और बदले में स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच दुर्लभ हो जाएगी।*

*बड़े हिस्से की पूर्ति भारतीय कंपनियां करती है*
*अमेरिका में दवा आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा भारतीय दवा कंपनियां करती हैं। साल 2022 में अमेरिका में चिकित्सकों द्वारा लिखे गए पर्चों में 40 प्रतिशत यानी 10 में से चार के लिए दवाओं की आपूर्ति भारतीय कंपनियों ने की थी।*

### अमेरिका दवा उत्पादकों का शुद्ध आयातक रहा

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के साझेदार अरविंद शर्मा ने कहा कि हाल के इतिहास में, अमेरिका अपनी घरेलू मांग को पूरा करने के लिए दवा उत्पादों का शुद्ध आयातक रहा है। उन्होंने कहा, ''यदि अमेरिका, भारत से दवा आयात पर भारी शुल्क लगाने का फैसला करता है, तो इसका असर भारतीय दवा क्षेत्र पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा और साथ ही इसकी घरेलू खपत भी बाधित होगी।''

### वाहन क्षेत्र पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा

वाहन क्षेत्र के बारे में विस्तार से बताते हुए इंडसलॉ के साझेदार शशि मैथ्यूज ने कहा कि ट्रंप प्रशासन की हालिया घोषणाओं का विशेष रूप से भारतीय वाहन क्षेत्र पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''इसका कारण यह है कि भारत में प्रवेश भले ही अच्छी तरह से संरक्षित हो और इस प्रकार भारी कर लगाया जा सकता है, लेकिन अमेरिका में आयात के लिए जवाबी शुल्क, जो कि भारतीय मोटर वाहन क्षेत्र के लिए एक छोटा निर्यात बाजार है। हमें ज्यादा प्रभावित नहीं करेगा।''

### वाहन बाजार में शुल्क कम करने की संभावना कम

मैथ्यूज ने कहा कि इसका कुछ प्रभाव, विशेषकर वाहन उपकरण बाजार पर पड़ सकता है। मैथ्यूज ने कहा कि शुल्क को शून्य स्तर तक कम करने के प्रयासों के बावजूद, इस बात की बहुत कम संभावना है कि भारत सरकार निकट भविष्य में शुल्क को उस स्तर तक कम करेगी।

# नागपुर में पतंजलि का नया फूड पार्क उद्घाटित



एजेंसी ▶▶| नागपुर

■ विदर्भ के किसानों को राहत मिलेगी : गडकरी
■ इस अवसर पर बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण रहे उपस्थित

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि नागपुर में नया पतंजलि फूड और हर्बल पार्क विदर्भ क्षेत्र के किसानों के लिए राहत लेकर आएगा। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में किसान आत्महत्या की कई घटनाएं हुई हैं।

गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर के मिहान में फूड पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पतंजलि आयुर्वेद के सह-संस्थापक रामदेव और इसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण मौजूद थे। गडकरी ने विदर्भ में संतरा किसानों की भलाई के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्र में फलों के उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार के साथ ही उपज की अच्छी कीमत सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों के बारे में भी बताया। नागपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले गडकरी ने कहा, ''नया पार्क विदर्भ क्षेत्र के किसानों के लिए राहत लेकर आएगा, जहां किसानों की आत्महत्या के कई मामले सामने आए हैं। फडणवीस ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह केंद्र (पार्क) न केवल इस परियोजना के लिए, बल्कि संतरा उगाने वाले सभी किसानों के लिए वरदान साबित होगा।''

### फलों का पूरी तरह से प्रसंस्करण किया जाएगा

फडणवीस ने कहा कि संयंत्र में फलों की छंटाई, ग्रेडिंग और भंडारण का काम किया जाएगा। साथ ही फलों का छिलके और बीज सहित पूरी तरह प्रसंस्करण किया जाएगा।

# रैपिडो 500 शहरों में करेगी विस्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन टैक्सी सेवा मंच रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटूपल्ली ने कहा है कि कंपनी इस वर्ष भारत में 500 शहरों में विस्तार करने की तैयारी में है। यह ऐसा बाजार है जहां परिवहन के अवसरों की 'विशालता और गहराई' उच्च वृद्धि की संभावना प्रदान करती है।


इस सवाल पर कि क्या कंपनी निकट भविष्य में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने पर विचार कर रही है, गुंटूपल्ली ने बताया कि रैपिडो अच्छी वृद्धि दर्ज कर रही है, अच्छी तरह से पूंजीकृत है और 'स्थिति के आधार पर निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल कंपनी का मुख्य ध्यान वृद्धि पर है।रैपिडो अपनी ऑटो, बाइक टैक्सी और कैब सेवाओं पर हर दिन लगभग 33 लाख लोगों को यात्रा की सुविधा प्रदान करती है। रैपिडो को 'स्थायी रूप से' वृद्धि करने की उम्मीद है।




■ रैपिडो ऑनलाइन टैक्सी सेवा मंच है

*एक साल पहले चार पहिया उद्योग में रखा कदम : गुंटूपल्ली ने कहा, ''हमने एक साल पहले अपने चार पहिया वाहन उद्योग में कदम रखा है, और हमने जो नवाचार किए हैं, उनसे इस क्षेत्र में भी जबर्दस्त वृद्धि देखी है।'' विस्तार का प्रारंभिक चरण तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में है।*

## मसूर दाल के आयात पर लगा 10 फीसदी शुल्क



**नई दिल्ली।** सरकार ने मसूर दाल पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। इसके अलावा घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए पीली मटर के शुल्क-मुक्त आयात को तीन महीने यानी इस साल 31 मई तक बढ़ा दिया गया है। इस बारे में सरकार की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के जरिये सरकार ने आठ मार्च से दालों पर पांच प्रतिशत मूल सीमा शुल्क और पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना और विकास उपकर (एआईडीसी) लगाया है। अभी तक दालों के आयात को शुल्क-मुक्त रखा गया था। सरकार ने शुरुआत में दिसंबर, 2023 में पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी थी और बाद में इसे 28 फरवरी तक तीन बार बढ़ाया था।

# पेप्सिको की भारत में दो और संयंत्र खोलने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ कंपनी का अगले पांच साल में राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य
■ पेप्सिको भारत को एक प्रमुख बाजार के रूप में देख रही

पेप्सिको के भारत एवं दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जागृत कोटेचा ने कहा है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी भारत को एक 'प्रमुख बाजार' के रूप में देख रही है, जहां वह अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए 'आक्रामक' निवेश कर रही है। कोटेचा ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि भारत पेप्सिको के लिए वैश्विक राजस्व बढ़ाने में 'वृद्धि का इंजन' होगा, क्योंकि यह कंपनी के लिए शीर्ष तीन बाजारों में से एक है, जहां वह दहाई अंक की वृद्धि दर्ज कर रही है। पेप्सिको खाद्य, नाश्ता और पेय उत्पाद पेश करती है।

### भारत को नौ समूहों में किया विभाजित

कोटेचा के अनुसार, पेप्सिको प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) के 2030 के लक्ष्य के अनुरूप है कि भारत तबतक विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। पेप्सिको तीन रणनीतिक स्तंभों पर काम कर रही है, जिन्हें वह 'तेज, मजबूत, बेहतर' कहती है। कंपनी ने स्वाद के आधार पर भारत को नौ समूहों में विभाजित किया है।

**पेप्सिको की बॉटलिंग में वरूण बेवरेजेज में काफी निवेश**
इसके अलावा, पेप्सिको की बॉटलिंग साझेदार वरुण बेवरेजेज लिमिटेड (वीबीएल) भी काफी निवेश कर रही है। यह पेय पदार्थ क्षेत्र में माउंटेन ड्यू, 7अप, पेप्सी, और स्टिंग तथा स्पोर्ट्स पेय उत्पाद गेटोरेड जैसे ब्रांड पेश करता है, जबकि जूस में इसके ट्रॉपिकाना और स्लाइस ब्रांड हैं। कुरकुरे, लेज, क्वेकर और डोरिटोस भी इसके ब्रांड हैं।

# वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, वृहद आर्थिक घोषणाओं और अमेरिकी शुल्क संबंधी घटनाक्रम से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि बाजार प्रतिभागी विदेशी निवेशकों की गतिविधियों, भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी डॉलर तथा कच्चे तेल की कीमतों पर उनके प्रभाव पर भी बारीकी से नजर रखेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजीत मिश्रा ने कहा, ''आगामी कारोबारी सप्ताह छुट्टियों के कारण छोटा रहेगा और बाजार भागीदार प्रमुख घरेलू घटनाओं की अनुपस्थिति में वैश्विक घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखेंगे। इन कारकों में शुल्क वार्ता, भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी डॉलर तथा कच्चे तेल की कीमतों की चाल शामिल है।

मिश्रा ने कहा, ''विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने नकदी बाजारों में अपनी बिकवाली धीमी कर दी है, लेकिन उनके रुख में कोई भी बदलाव बाजार की दिशा के लिए एक महत्वपूर्ण संकेतक बना रहेगा।''मिश्रा ने कहा कि व्यापक आर्थिक मोर्चे पर, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। शुक्रवार को होली के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे।



■ शुल्क को लेकर चिंता के बीच वैश्विक रुख की भी होगी भूमिका

### पिछले सप्ताह बढ़त में बंद हुआ बाजार

इसके अलावा, कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों का भरोसा और बढ़ाया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार कई सप्ताह की बिकवाली के बाद पिछले हफ्ते आखिरकार बढ़त में बंद हुआ। इसकी मुख्य वजह चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर और उपभोग में सुधार है।

*इस सप्ताह जारी होंगे सीपीआई के आंकड़े : इस सप्ताह, अमेरिका और भारत के सीपीआई आंकड़े 12 मार्च को जारी होने वाले हैं। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,134.48 अंक या 1.55 प्रतिशत चढ़ा और एनएसई निफ्टी 427.8 अंक या 1.93 प्रतिशत बढ़ा।*

# टाटा कैपिटल आईपीओ के लिए दाखिल करेगा दस्तावेज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्तीय सेवा कंपनी टाटा कैपिटल राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण से टाटा मोटर्स फाइनेंस के विलय की मंजूरी मिलने के बाद आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल कर सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी को इसके लिए एनसीएलटी के अंतिम आदेश का इंतजार है। आईपीओ का आकार करीब दो अरब डॉलर (17,000 करोड़ रुपये) का होगा। सूत्रों ने बताया इस आकार के लिहाज से कंपनी का मूल्यांकन करीब 11 अरब डॉलर बैठेगा। सूत्रों ने कहा कि एनसीएलटी से अंतिम आदेश का इंतजार है, जो चालू वित्त वर्ष के अंत तक मिल सकता है। कंपनी को दस्तावेजों के मसौदे के बारे में भेजे गए ई-मेल का जवाब नहीं मिला है। टाटा कैपिटल को आरबीआई द्वारा ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में मान्यता दी गई है।

■ टाटा मोटर्स फाइनेंस के विलय की मंजूरी के बाद होगा इस पर काम




*वित्तीय क्षेत्र का सबसे बड़ा निर्गम होगा : यदि सार्वजनिक निर्गम सफल रहता है, तो यह देश के वित्तीय क्षेत्र के सबसे बड़े सार्वजनिक निर्गम में से एक होगा। नवंबर, 2023 में टाटा टेक्नोलॉजीज की सूचीबद्धता के बाद हाल के वर्षों में यह टाटा समूह का दूसरा सार्वजनिक निर्गम होगा। यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सूचीबद्धता जरूरतों को पूरा करने के प्रयास का हिस्सा है।*

## पिछले तीन सप्ताह में कोई बड़ी कंपनी नहीं हुई सूचीबद्ध

# आईपीओ में पिछले तीन सप्ताह से गतिविधियां सुस्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 2024 का साल काफी अच्छा रहा था, लेकिन अब इसमें सुस्ती आती दिख रही है। शेयर बाजारों में गिरावट के बीच पिछले तीन सप्ताह से किसी कंपनी का आईपीओ नहीं आया है।

■ आईपीओ के लिए 2024 का साल काफी अच्छा रहा

आईपीओ गतिविधियों में यह नरमी आंकड़ों में दिखती है। जनवरी में केवल पांच कंपनियां और फरवरी में चार कंपनियां सूचीबद्ध हुई हैं, जबकि पिछले साल दिसंबर में 16 कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई थीं। क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट लिमिटेड का आईपीओ हाल ही में आया था, जो 14 फरवरी को तीन दिन की बोली के लिए खुला था।

*नए आईपीओ पर निवेशकों का ध्यान कम: शाह ने इस बात पर जोर दिया कि नए आईपीओ पर निवेशकों का कम ध्यान केंद्रित होने से बाजार की गतिविधियों में सुस्ती आई है। इस सावधानी के बावजूद, आनंद राठी एडवाइजर्स के निदेशक और ईसीएम निवेश बैंकिंग के प्रमुख वी. प्रशांत राव ने बताया कि मजबूत आईपीओ पाइपलाइन के साथ दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है।*




### 2024 में निर्गम से 1.6 लाख करोड़ जुटाए

यह बदलाव 2024 के उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद आया है, जिसमें 91 सार्वजनिक निर्गम के जरिये सामूहिक रूप से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए। पिछले साल आईपीओ गतिविधियां मजबूत खुदरा भागीदारी, मजबूत अर्थव्यवस्था और तेजी से बढ़ते निजी पूंजीगत व्यय से प्रेरित था।

### तीन कंपनियों ने वापस लिया आईपीओ

हालांकि, धीमी गतिविधियों का रुझान स्पष्ट है, क्योंकि कम से कम तीन कंपनियों - एडवांस्ड सिस्टम-टेक, एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज और विनी कॉरपोरेशन ने जनवरी और फरवरी में अपने दस्तावेजों का मसौदा वापस लेकर अपनी आईपीओ की योजना वापस ले ली थी।

### जनवरी व फरवरी में करेक्शन गिरावट का कारण

इक्विरस के प्रबंध निदेशक और निवेश बैंकिंग के प्रमुख भावेश शाह ने बताया कि नरमी मुख्य रूप से द्वितीयक बाजार में, खासकर जनवरी और फरवरी में 'करेक्शन' के कारण है, जिसने कई सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर मूल्यों को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। नतीजतन, निवेशकों ने नई सूचीबद्धता की तलाश करने के बजाय अपने मौजूदा पोर्टफोलियो पर ध्यान केंद्रित किया है।

## खबर संक्षेप

### बाजार पूंजीकरण में टीसीएस और रिलायंस रही लाभ में



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,10,254.96 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,134.48 अंक या 1.55 प्रतिशत चढ़ा।

### भारत के साथ इटली चाहता है मजबूत व्यापार संबंध



**नई दिल्ली।** इटली के कृषि मंत्री फ्रांसेस्को लोलोब्रिगिडा ने भारत के साथ पारस्परिक व्यापार संबंधों को मजबूत करने का आह्वान किया है। उन्होंने दोनों देशों की सरकारों के बीच मजबूत संबंधों का हवाला देते हुए कहा है कि व्यापार संबंधों को और मजबूत करने की जरूरत है। दो दिन की व्यापार संवर्द्धन प्रदर्शनी भारत रोड शो 'विनइटली' की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की है।

### आईआईएफएल ने सात शक्ति शाखाएं खोलीं

IIFL FINANCE

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आईआईएफएल फाइनेंस ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और मुंबई महानगर क्षेत्र में महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित सात नई स्वर्ण-ऋण शाखाएं खोली हैं। मजबूती का प्रतीक हैं, जो अपने समुदायों में सामाजिक और आर्थिक बदलाव लाती हैं।

### डीपीआईआईटी ने उद्योगों से उत्पादन के आंकड़े मांगे

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
DEPARTMENT FOR PROMOTION OF INDUSTRY AND INTERNAL TRADE

**नई दिल्ली।** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने विनिर्माण इकाइयों से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की नई श्रृंखला के लिए अप्रैल, 2022 से अपने मासिक उत्पादन के आंकड़े देने को कहा है। विभाग हितधारकों की जरूरतों के अनुरूप देश में औद्योगिक विकास के लिए नीतियां और रणनीतियां तैयार करता है।

### त्योहारी मांग से तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में पाम, पामोलीन के दाम बढ़ने तथा फरवरी में कम आयात के बीच देश में त्योहारी मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह लगभग सभी तेल-तिलहनों के दाम सुधार के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह विदेशों में कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन के दाम बढ़े हैं।

### डीएलएफ स्थल विकास पर 6000 करोड़ करेगी निवेश




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ की किराये पर रियल एस्टेट समाधान प्रदान करने वाली इकाई गुरुग्राम में 75 लाख वर्ग फुट के प्रमुख कार्यालय और खुदरा क्षेत्र के निर्माण पर लगभग 6,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। डेवलपर्स लिमिटेड डीएलएफ और सिंगापुर के सॉवरेन संपदा कोष जीआईसी के बीच एक संयुक्त उद्यम है। इसमें डीएलएफ की हिस्सेदारी लगभग 67 प्रतिशत है। 'डीएलएफ डाउनटाउन, गुरुग्राम' के नए चरण में 55 लाख वर्ग फुट 'ग्रेड ए प्लस' कार्यालय स्थल का निर्माण शुरू कर दिया है।

# महिला आरपीएफ को आत्मनिर्भर बनाने अब मिलेगा मिर्च स्प्रे, आत्मरक्षा की विशेष ट्रेनिंग भी

## महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने रेलवे ने उठाया कदम



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

महिला यात्रियों की सुरक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने एक अहम कदम उठाया है। रेलवे सुरक्षा बल की महिला कर्मियों को अब मिर्च स्प्रे कैन से लैस किया जाएगा, जिससे वे आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक सशक्त और प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकेंगी। यह निर्णय विशेष रूप से महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और महिला आरपीएफ कर्मियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। सुनसान रेलवे स्टेशन, चलती ट्रेनें और दूरस्थ स्थानों पर तैनात महिला आरपीएफ कर्मियों को मिर्च स्प्रे से लैस करना उन्हें संभावित खतरों से निपटने में मदद करेगा। वर्तमान में आरपीएफ में महिलाओं की भागीदारी 9 प्रतिशत है, जो कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सबसे अधिक है। इनमें से कई महिलाएं 'मेरी सहेली' टीमों का हिस्सा हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। 250 से अधिक 'मेरी सहेली' टीमें प्रतिदिन लगभग 12,900 महिला यात्रियों से संपर्क कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं।

### मंडल में 40 से अधिक महिला आरपीएफ कर्मी तैनात

रायपुर रेलमंडल में 40 से अधिक महिला जवान कार्यरत हैं। इन महिला कर्मियों को न केवल मिर्च स्प्रे कैन से लैस किया जाएगा, बल्कि उन्हें आत्मरक्षा और संकट प्रबंधन की विशेष ट्रेनिंग भी दी जाएगी, जिससे वे किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकें।

### 'मेरी सहेली' टीम का अहम योगदान

भारतीय रेलवे महिला सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से सतर्क है। वर्तमान में आरपीएफ में 9 प्रतिशत महिलाएं कार्यरत हैं, जो कि किसी भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में महिलाओं का सबसे अधिक अनुपात है। इनमें से कई महिला आरपीएफ कर्मी 'मेरी सहेली' टीम का हिस्सा हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य ट्रेनों में सफर करने वाली महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कुछ जोन में महिला आरपीएफ कर्मियों पर हमले की घटनाएं सामने आई हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मिर्च स्प्रे उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। महिला कर्मी न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी, बल्कि अन्य महिला यात्रियों में भी जागरूकता बढ़ाने का कार्य करेंगी।

# 11 प्रतिभाशाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मित्र, छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान तथा जय जोहार साहित्य संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में युवा कविता कुंभ और नारी शक्ति सम्मान का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस डॉ. रतनलाल डांगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सार्थक कविताओं का गढ़ है।

आज सावित्रीबाई फुले की नारी शिक्षा के बोये बीज के कारण देश की महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे हैं। उन्होंने कहा कि मां किसी व्यक्ति के जीवन की प्रथम महिला होती है और वह जीवनभर हमें प्रशिक्षित करती है। आज प्रगति के युग में भी महिलाओं के शोषण की कुछ घटनाएं समाज को चिंतित करती हैं। कार्यक्रम को मैट्स विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी यादव, डॉ. इंदिरा मिश्र, साहित्यकार गिरीश पंकज, शताब्दी पांडेय ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरन 11 महिला प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, जिनमें डॉ. इंदिरा मिश्र, शताब्दी पांडेय, डॉ. शिप्रा बैनर्जी, डॉ. नीलिमा शर्मा, डॉ. कविता वर्मा, डॉ. श्वेता भाटिया, डॉ. तृषा शर्मा, डॉ. रेशमा अंसारी, डॉ. रेशमा लाकेश, डॉ. शिखा मित्रा, डॉ. मधुलिका अग्रवाल शामिल रहीं। इस अवसर पर डॉ. सुशील त्रिवेदी, राजकुमार द्विवेदी, डॉ. स्नेहलता पाठक, डॉ. कमल वर्मा, डॉ. मीता अग्रवाल, डॉ. सुरेश शुक्ला, शोभा देवी शर्मा, सिद्धांत श्रीवास्तव सहित सौ से अधिक रचनाकार उपस्थित थे।

## तेज धूप में होली, 21 को दिन-रात बराबर, फिर चढ़ेगा पारा, माहांत तक 40 डिग्री होगा तापमान

**रायपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में गर्मी का दौर शुरू हो चुका है और इस बार होली पर तेज धूप अपना असर दिखाएगी। 21 मार्च को दिन-रात बराबर होंगे, जिसके बाद गर्म हवाएं अपना असर दिखाएंगी और अंत तक लोगों को 40 डिग्री से ज्यादा की गर्मी सहनी पड़ेगी। पश्चिमी विक्षोभ का उतार-चढ़ाव जारी है, इस बीच रात में हल्की ठंड बरकरार है, मगर दिन का पारा चढ़ने लगा है। रविवार को राजनांदगांव में सबसे अधिक गर्मी रही और तापमान 38.5 तक पहुंच गया। राजधानी रायपुर भी गर्मी के मामले में पीछे नहीं है और दोपहर की कड़ी धूप के बीच पारा 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि होली के दिन राजधानी समेत प्रदेश में तेज गर्मी रह सकती है। अभी गर्मी बढ़ते दौर में है और 13 मार्च तक अधिकतम तापमान बढ़ते दौर में रहेगा। इसके बाद पुनः आने वाली दक्षिणी हवा मौसम में थोड़ा बदलाव कर सकती है। अभी दिन की तुलना में रात बड़ी है और 21 मार्च को दिन-रात की लंबाई बराबर होगी। इसके बाद रात की अवधि छोटी होती चली जाएगी, जिससे गर्मी का प्रकोप बढ़ता चला जाएगा। माना जा रहा है कि माह के अंतिम दिनों में तापमान 40 डिग्री के पार होकर पिछले दस साल के रिकार्ड के बराबर 41.6 के समीप पहुंच सकता है। इस दौरान उष्ण हवाएं लू जैसे हालात भी बना सकती हैं। मार्च के महीने में गर्मी का प्रभाव दिन में अधिक रहता है और रात को मौसम ठंडा रहता है, मगर जैसे-जैसे अप्रैल नजदीक आता है, रात की ठंड भी गायब होने लगती है।

**अप्रैल-मई में ज्यादा गर्मी, हीट-वे भी अधिक :**

दिल्ली के मौसम विशेषज्ञों ने इस बार देश में अधिक गर्मी रहने की संभावना जताई थी, जिसका असर महसूस होने लगा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कचरा बीनने से...

कार्यक्रम में शामिल होने आया था। कार्यक्रम के बाद वह अपने रिश्तेदार के यहां रूका था, जहां उसे पुलिस ने पकड़ लिया। वहीं दुर्ग का एक नाबालिग लड़का भी मिला है।

**थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट नहीं-**

बिहार के रोहतास में पकड़ाई अधिकांश लड़कियां राजनांदगांव जिले की हैं। जिसमें चिचोला क्षेत्र की सात, राजनांदगांव की एक, डोंगरगढ़ की एक है। वहीं तीन लड़के भी गिरफ्तार किए गए हैं। जिसमें एक सोमनी और एक चिचोला क्षेत्र का है। हरिभूमि की पड़ताल में यह भी पता चला है कि परिवारजनों की इच्छा से ही लड़कियां आर्केस्ट्रा में काम कर रही थी। किसी भी थानो में इन लड़कियों के गुमशुदगी की कोई रिपोर्ट भी दर्ज नहीं है। परिवार से यह भी पता चला है कि सभी लड़कियां नाबालिंग नहीं थी।

### 41 में चार किशोरी...

मानव तस्करी से जुड़े गिरोह के लोगों ने लड़कियों को मोटी रकम का लालच देकर नाच-गाना पार्टी में शामिल किया। साथ ही उन्हें रहने तथा मुफ्त में भोजन देने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया। कुछ दिन गांव-गांव घूमकर नाच-गाना कराने के बाद लड़कियों को देह व्यापार से जुड़े रैकेट के हाथों बेच दिया गया।

**घूमंतु जाति से जुड़ी हैं लड़कियां -**

पुलिस के अनुसार रायपुर की रेस्क्यू लड़कियां घूमंतु समुदाय से हैं। लड़कियों के परिजन कबाड़ का काम करने के साथ ही कचरा बिनने का काम करती हैं। पुलिस जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि किसी मानव तस्करी करने वाले गिरोह ने लड़कियों को अपने साथ बहला फुसलाकर तो नहीं ले गया था। लड़कियों के रायपुर आने के बाद पुलिस इस संबंध में उनसे पूछताछ करेगी।

### सस्पेंड डीएफओ और...

बाहर से किसी को आवास के भीतर और अंदर से किसी को आवास के बाहर आने-जाने की अनुमति नहीं थी। मीडिया के प्रतिनिधि भी सहायक आयुक्त के आवास के सामने डटे रहे, किंतु अधिकारियों ने मीडिया को कोई जानकारी नहीं दी। सहायक आयुक्त सिंह लंबे समय से दक्षिण बस्तर में पदस्थ हैं। इधर राज्य के अंतिम छोर सुकमा जिला के कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में रविवार सुबह शिक्षक भानुप्रताप सिंह चौहान के घर छापेमारी कार्रवाई की गई।

कोंटा नगर पंचायत मुख्यालय में पहली बार किसी के घर में छापे मारे गए। वे शिक्षा विभाग के पूर्व डीएमसी श्याम सुंदर चौहान के रिश्तेदार हैं। जिला मुख्यालय सुकमा में हाल ही में तेन्दूपत्ता खरीदी और राशि वितरण में गड़बड़ी के कारण डीएफओ अशोक पटेल के यहां छापे की कार्रवाई तड़के की गई। उनके निवास सुकमा मुख्यालय तथा पूर्व डीएमसी रहे शिक्षा विभाग के अधिकारी श्याम सुंदर चौहान के घर छिंदगढ़ में कार्रवाई की गई है।

### कोई अनहोनी न...

जरूरी होगा। इससे गांव में कभी भी अनहोनी नहीं होगी। तब से ग्रामवासी सभी त्योहार एक सप्ताह पहले मनाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ वर्ष पहले लोगों ने परंपरा के विपरीत त्योहार मना लिया। इससे गांव में विपत्ति आ गई। इसलिए पूर्वजों की बनाई गई आस्था आज भी कायम है। बताते हैं कि इस गांव में सैकड़ों वर्ष पहले कोई बुजुर्ग राजा आए और यहीं बस गए। उनका नाम सिरदार था। यह गांव घन घोर जंगल से घिरा हुआ। राजा सिरदार पर गांव वालों गहरी आस्था थी। उनकी चमत्कारी शक्तियों और बातों से ग्रामीण प्रभावित थे। वे ग्रामीणों परेशानियां दूर करते थे। राजा सिरदार एक रोज शिकार के लिए गए और खुद शिकार हो गए, जिसके बाद गांव के बैगा को सपना आया कि मेरा शव इस स्थान पर है। इस सपने का जिक्र बैगा ने ग्रामीणों से किया लेकिन बैगा की बातों को ग्रामीणों ने नहीं माना। इसके बाद मुखिया को यही स्वप्न दिखाई दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने जाकर देखा तो घटना सही थी। उस राजा का अंतिम संस्कार वहीं किया गया। एक छोटी सी चौड़ी में मंदिर स्थापना की गई, जो सिरदार देवता के नाम से जाना गया। सिरदार देवता ने फिर सपने में कहा कि इस गांव में दीपावली सहित होली, हरेली व पोला चार त्योहारों को एक सप्ताह पहले मनाया जाए, जिससे गांव में सुख शांति की वृद्धि होगी।

### हर त्योहार एक...

त्योहार मनाते हैं, लेकिन परंपरा के अनुसार गांव की युवतियां और शादीशुदा महिलाएं सिरदार देव के करीब नहीं जातीं। ऐसा क्यों किया जाता है इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी सुखौना टेबलेट 20 वर्षों से प्रसिद्ध HMS देखकर खरीदें 94060-21769

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** सीए आफिस में काम करने हेतु चपरासी (प्यून) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शाम 4 से 8बजे तक पलाश पमनानी एंड एसोसिएट्स सिन्ध ऑटो स्टोर्स के पास गांधी चौक बिलासपुर (37072)

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490 (7053)

**आवश्यकता है-** मोतीलाल सर्विस स्टेशन पेट्रोल पम्प में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7974771586 (37074)

**आवश्यकता है-** होलसेल रेडीमेड दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7970105174, 9827830278 (37075)

**आवश्यकता है-** नमामी प्लास्टिक में HDPE पाईप के सेल्समेन कार्य हेतु अनुभवी व्यक्ति चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार पता- 72 सी, सेक्टर-बी, दैनिक भास्कर प्रेस के पास, इंडस्ट्रीयल एरिया सिरगिट्टी बिलासपुर 8098797774 (37070)

**आवश्यकता है-** इनोवा कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी, शिक्षित एवं नशा मुक्त, पत्नी के लिए भी काम, रहने का घर उपलब्ध। सम्पर्क करें- विद्या चरण वर्मा 7000785661 (37062)

**आवश्यकता है-** इनोवा ऑटोमैटिक कार चलाने के लिए 1 ड्राइवर की आवश्यकता है। गाड़ी अनिवार्य। अनुभव 3 से 5वर्ष। सम्पर्क करें- नर्मदा नगर, बिलासपुर 9131312593 (37046)

**आवश्यकता है-** 60 वर्षीय वकील महिला की देखभाल हेतु 30 से 35 वर्षीय महिला चाहिए। वेतन 6000, कार्य समय शाम 5बजे से सुबह 7बजे तक सम्पर्क करें- सोनगंगा कॉलोनी बिलासपुर 869759897, 9893968977 (37061)

**आवश्यकता है-** जिम और होटल में रिसेप्शनिस्ट, बिलिंग झाडू, पोंछा, बर्तन धोने हेतु लड़कों/ लड़कियों की वेतन 7000 से 10000 सम्पर्क- बॉडीलाइन फिटनेस जिम मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 7987619998, 95847 00660, 9907900881 (37049)

**आवश्यकता है-** हॉस्टल साफ सफाई (सुबह 9 से शाम 5 तक) काम करने हेतु कर्मचारी चाहिए। सम्पर्क- मित्र विहार कालोनी, स्काई जिम के बगल वाली गली में, लिंक रोड बिलासपुर 9340969592, 7828803577 (37063)

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में आर्डर बुकिंग, पेमेंट कलेक्शन हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा, बिलासपुर 98274 97711 (37067)

**आवश्यकता है-** विज्ञापन एजेंसी में सुपरवाइजर, प्यून, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, फ्लैक्स माउंटिंग हेतु लड़के, एलईडी लेटर कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- C-15 ग्राउंड फ्लोर नारायण प्लाजा, बिलासपुर 87701 68534, 9752390684 (37058)

**आवश्यकता है-** स्टेशनरी शॉप में कार्य करने हेतु पार्ट टाइम लड़के/ लड़की की आवश्यकता है अनुभवी सम्पर्क करे- भाटिया इंटरप्राइजेज, पेट्रोल पम्प के बाजू में, नेहरू चौक, बिलासपुर 7587259295 (37055)

**आवश्यकता है-** अनुभवी नशामुक्त कार ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन 15000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- लक्ष्मण सीमेंट सदर बाजार, करोना चौक बिलासपुर (36997)

**आवश्यकता है-** महिलाओं के लिए खास बीमा सखी बनने का अवसर। मानदेय 7000 रुपए प्रतिमाह सम्पर्क करें- स्मिता तिवारी दुबे 8839185098 (37057)

**आवश्यकता है-** थोक दवा एजेन्सी में पैकिंग, साफ सफाई, रख रखाव, बिक्री माल निकालने हेतु महिला/ पुरूष कार्यकर्ता की आवश्यकता है सम्पर्क करें-यूनिवर्सल ट्रेडर्स, मेडिकल काम्प्लेक्स बिलासपुर (37047)

**आवश्यकता है-** तिफरा इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित फ्रिज, टीवी के थोक व्यवसाय के गोदाम में काम करने हेतु एक सुपरवाइजर एवं हमाली कार्य करने वाले हमाल की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7898204420 (37053)

**आवश्यकता है-** दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़के और लड़कियां, कार्य-पिकर, चेकर, लोकल डिलीवरी, पैकर, की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जगत फार्मा, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर (37050)

**Wanted-** Bilaspur based road construction company requires Qualified Senior Civil Engineer (Exp 7-10 years in Road & structure). Contact- -11am to 6pm 91744 70000Email-resume. anandi@gmail.com (37044)

**आवश्यकता है-** ऑफिस मैनेजमेंट के लिए लड़की सुशिक्षित एवं कंप्यूटर अनुभवी की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्रीबालाजी कंस्ट्रक्शनस होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर 7974086925 (37051)

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, लेडीगार्ड, मार्केटिंग अधिकारी योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर गार्ड ऊंचाई 5'7" वेतन 12000 से 15000 सम्पर्क-Alert SGS Private Limited, 434, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर 77460 00016, 8720005500 (3160)

**आवश्यकता है-** होलसेल खिलोना दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़को की आवश्यकता है जिसे खिलोना दुकान मे काम करने, कार्टून पैकिंग का अनुभव हो सम्पर्क करें-तेलीपारा बिलासपुर 7711006641, 9753330000 (36813)

**आवश्यकता है-** दवाई दुकान हेतु कम्प्यूटर में दक्ष कर्मचारी फार्मासिस्ट को प्राथमिकता सेलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सुबह 9-10 बजे दुर्गा मेडिकल स्टोर जय अम्बे नेत्रालय रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 9407728300, 8085521180 (37045)

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग, ऑफिस कार्य हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़कियां, महिलाएं चाहिए सैलरी 5000 +कमीशन +वीकली +बोनस काम सीखने के बाद 20000 से 30000 पता-सरजू बगीचा रोड तेलीपारा बिलासपुर 93434 25005, 7489824791 (37054)

**आवश्यकता है-** मैंट्रिमोनी में कार्य हेतु 18 से 30 वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी- 5000 से 20000 कमाने का अवसर, सम्पर्क करें- पत्रकार कॉलोनी आरबी हॉस्पिटल के पास 6268331784, 7987392821 (3353)

**आवश्यकता है-** नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309 (716)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में 10 से 5.30 काम करने हेतु महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 28वर्ष सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीराम केयर हॉस्पिटल के पास बिलासपुर 9201056733 (3352)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष की लड़कियां एवं महिलाएं चाहिए सैलरी 5000+ कमीशन, समय 10 से 5:30 सम्पर्क करें- अमेरी चौक बिलासपुर 6264979081 (3358)

## बेचना है

**बेचना है-** नेहरू नगर में प्लाट 5800 फिट 3 मंजिल मकान इमलीपारा 700 फिट प्लाट, 2 मंजिल मकान वृंदावन कॉम्प्लेक्स 3 दुकान तेलीपारा में प्लाट 16×88 मैग्नेटो मॉल के सामने फर्स्ट फ्लोर 556 फीट फुली फर्निश्ड ऑफिस सरकंडा पूजा पार्क 3BHK फ्लेट सम्पर्क करें- 9302855022 (37048)

**बेचना है-** वैष्णव देवी मंदिर, एसएस हायर सेकेंडरी स्कूल निर्माणाधीन सेंट्रल जेल के आगे डामर रोड ऊपर पौसरा नगोई बिलासपुर में 5.44 एकड़ बोर पंप सहित, तत्काल खरीदी में रजिस्ट्री खर्च फ्री सम्पर्क- 9575788444, 98279 73060 (3355)

**बेचना है-** टिकरापारा मन्नू चौक स्थित वैशाली वैलेन्सिया में 4th फ्लोर 3BHK फ्लैट नम्बर 405, बिल्टअप एरिया-101.68 वर्गमीटर पूरा इंटीरियर किया हुआ फ्लैट बेचना है। सम्पर्क करें- 8377001716, 9643808995 (37068)

**बेचना है-** सिन्धी कालोनी जरहाभाठा स्थित गीतांजलि अपार्टमेंट में ग्राउंड फ्लोर पर 2BHK फ्लैट, आसमां में 1000 वर्गफुट प्लाट, रामा वर्ल्ड 1292 वर्गफुट प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें- राजेश श्यामनानी 9827168452, 93006 25174 (37073)

**बेचना है-** मोपका से 10 किलो मीटर आगे सीपत में मेन हाइवे में 1000, 2000, 3000 वर्गफीट के शानदार प्लॉट बेचना है बैंक, ढाबा या शॉप के लिए उपयुक्त सम्पर्क करें- 6399166000 (37056)

**बेचना है-** बिलासपुर में गोकुल धाम में सर्वसुविधायुक्त 2BHK, 25×40= 1000 वर्ग फीट में बना हुआ नव निर्मित मकान 28 लाख रुपए में बेचना है सम्पर्क करें- 9340252857 (36988)

**बेचना है-** ओम नगर, जरहाभाठा जेपी वर्मा कालेज के पीछे मेन रोड पर 3000 वर्गफुट में बना 4BHK स्वतंत्र मकान खुली जमीन के साथ बेचना है। सम्पर्क करें- 7988955111, 7024058735 (37060)

**बेचना है-** बिक्री ( सुसज्जित ऑफिस) एज कमर्शियल कॉम्प्लेक्स (एज बिल्डिंग) विधान सभा रोड, मोवा रायपुर में स्थित सुसज्जित ऑफिस ( 386 वर्गफीट) बेचना है। खरीददार संपर्क करें 70679 25702,9425532376 कृपया ब्रोकर संपर्क न करें। (4903)

**बेचना है-** बिलासपुर मोपका मेन रोड पर गुलाब नगर कॉलोनी में सभी साइज के डायवर्टेड प्लाट उपलब्ध है सम्पर्क करें- 9131575158, 8349688998 (37071)

## किराया

**किराया-** बिलासपुर नेहरू नगर में परिजात एक्सटेंशन में स्थित 1BHK, 2BHK, 3BHK, 4BHK, 5bhk बिजली पानी सुरक्षा पार्किंग की उत्तम व्यवस्था के साथ मकान किराए से देना है सम्पर्क करें- 8817680657 (37069)

**किराया-** तिफरा में 10000 वर्गफुट का गोडाउन (बेस्ट लोकेशन टाइल्स शोरूम) टाइल्स अथवा अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु किराए से देना है सम्पर्क करें- 9826191897 (37065)

**किराया-** प्राइम लोकेशन विजयापुरम फेस-2 हेल्थ एंड वॉच जिम, एसईसीएल हेड ऑफिस साइंस कॉलेज के सामने सीपत रोड बिलासपुर में 1BHK, 2BHK सर्वसुविधा युक्त मकान/ फ्लैट किराए से देना है। सम्पर्क करें- 93008 78897 (3354)

## व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000 से 50000 प्रति माह कमाएं आटो मेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट सम्पर्क करें-APS इंटरप्राईजेस रायपुर- 9111760925, 7477221345, बिलासपुर- 8359913999, 95892 88936 रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871 (3194)

## फायनेंस

**फायनेंस-** जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क 7042858951 (3346)

**फायनेंस-** जन धन लोन आधार कार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड मार्क शीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट सम्पर्क- 7042858951 (3348)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- **जिला कार्यालय कोरबा:-** बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- **जिला कार्यालय मुंगेली:-** थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- **शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-** मो. 9993567380, 8770837744
- **एड प्रयास:-** मो. 9826701269, 9926003943
- **श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-** मो. 9827168452, 9300625174
- **रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:-** मो. 9826129386, 8319503386
- **जे.जे. एडवरटाइजर्स:-** मो. 9300659628
- **भार्गव एडवरटाइजर्स:-** मो. 9827167997
- **श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-** मो. 9826705603
- **एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-** मो. 9827180896, 9131155033
- **रौनक पब्लिसिटी:-** मो. 9300328290, 9981658490
- **श्री श्याम पब्लिसिटी:-** मो. 9425540759
- **अमित पब्लिकेशन:-** मो. 9826304304, 9827124304
- **विप्रा विज्ञापन सेवा:-** मो. 9302462506
- **माधवास & कम्पनी:-** मो. 9977185123, 9893115084
- **बालाजी एडवरटाइजर्स:-** मो. 9827466133, 9907047586

09- MAR- K&C- MAIN- Pg- 9 KHEL-AA_Layout 1 3/10/2025 1:02 AM Page 1





# भारत ने रिकॉर्ड तीसरी बार जीती चैंपियंस ट्रॉफी, रोहित की कप्तानी में लगातार दूसरे आईसीसी खिताब पर किया कब्जा

एजेंसी ▶▶| दुबई

मोर्चे से अगुवाई करने वाले कप्तान रोहित शर्मा के बल्ले के कमाल और स्पिनरों के धमाल के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। इस मैच से पहले रोहित के संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन उन्होंने अपने चिर परिचित फॉर्म में लौटकर आलोचकों के मुंह बंद कर दिए। उनकी कप्तानी में यह टी20 विश्व कप 2024 के बाद भारत ने दूसरा आईसीसी खिताब जीता। भारत ने टूर्नामेंट में एक भी मैच गंवाए बिना 2002 और 2013 के बाद तीसरी बार खिताब जीता। कोई दूसरी टीम तीन बार यह ट्रॉफी नहीं जीत पाई है।

स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने हालात का फायदा उठाते हुए बेहतरीन गेंदबाजी की लेकिन डेरिल मिचेल और माइकल ब्रेसवेल ने संयम के साथ अर्धशतक लगाते हुए न्यूजीलैंड को सात विकेट पर 251 का मजबूत स्कोर दिया। रोहित ने 83 गेंद में 76 रन बनाकर जीत की नींव रखी और भारत ने एक ओवर बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। केएल राहुल ने फिनिशर की भूमिका निभाते हुए नाबाद 34 रन बनाए। दूसरे छोर पर शुभमन गिल ने 31 रन बनाए और पहले विकेट के लिए रोहित के साथ 105 रन जोड़े। श्रेयस अय्यर (48) और अक्षर पटेल (29) ने 61 रन की साझेदारी की।

## एक भी मैच गंवाए बिना 2002 और 2013 के बाद तीसरी बार बने चैंपियन





### कोहली ने खेला 550वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच के दौरान एक विशेष उपलब्धि हासिल कर ली है। कोहली लगातार तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेल रहे हैं। कोहली का यह 550वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला है और वह भारत के ऐसे दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतने मैच खेले हैं। कोहली से ज्यादा भारत के लिए सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने खेले हैं। सचिन के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 664 मैच खेलने का रिकॉर्ड है।

### सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच

| बल्लेबाज | मैच |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 664 |
| विराट कोहली | 550* |
| महेंद्र सिंह धोनी | 538 |
| राहुल द्रविड़ | 509 |
| रोहित शर्मा | 499* |

## भारत की जीत के हीरो रहे 'पांच पांडव'



**रोहित शर्मा :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस हारने के बाद भी टीम से बेस्ट परफार्मेंस करवाया। फाइनल में पांच स्पिनर्स के साथ उतरे रोहित ने कमाल की गेंदबाजी करवाई। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए 83 गेंद पर 76 रन की पारी खेलकर जीत की पक्की नींव रखी। गिल के साथ पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की।



**श्रेयस अय्यर :** रोहित, गिल और कोहली के आउट होने के बाद श्रेयस अय्यर ने कमान संभाली। अक्षर पटेल के साथ मिडल ओवर में 61 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। अय्यर अपने अर्धशतक से चूके लेकिन 48 रन की मैच जिताऊ पारी खेल गए।



**केएल राहुल :** केएल राहुल ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विजयी शॉट लगाकर टीम को फाइल में पहुंचाया था। उसी फॉर्म को बरकरार रखते हुए फाइनल में नाबाद 34 रन की पारी खेली। गेंदबाजी के दौरान भी केएल राहुल ने गेंदबाजों की भी मदद की थी।



**वरुण चक्रवर्ती :** टॉस हराने के बाद भारत को पहले गेंदबाजी करने के लिए कहा गया। न्यूजीलैंड ने पहले पावरप्ले में 57 रन बनाकर तेजी से आगे बढ़ रहा था। तभी वरुण चक्रवर्ती ने विल यांग को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स को आउट कर रन गति पर ब्रेक लगाया।



**कुलदीप यादव :** कुलदीप यादव ने सेट बल्लेबाज रचिन रवींद्र को अपना पहला शिकार बनाया। वहीं, न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन को कैच आउट कर टीम को बड़ा झटका दिया। कुलदीप ने दो अहम विकेट तो लिए ही साथ ही रन गति को थाम लिया था।

## रोहित-कोहली ने खेला रिकॉर्ड 9वां फाइनल

कोहली के नाम इसके साथ ही सबसे ज्यादा आईसीसी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेलने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। कोहली के अलावा रोहित भी आईसीसी टूर्नामेंट का सबसे ज्यादा फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली और रोहित का यह नौवां आईसीसी टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला है। इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने करियर में वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले खेले हैं। रोहित और कोहली के अलावा युवराज और जडेजा ने अपने करियर में आठ-आठ आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल मैच खेले हैं। वहीं, श्रीलंका के कुमार संगाकारा और माहेला जयवर्धने ने सात-सात बार आईसीसी के खिताबी मैच में हिस्सा लिया है।

## स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विल यंग पगबाधा बो वरुण | 15 | 23 | 2 | 0 |
| रचिन रविंद्र बो कुलदीप | 37 | 29 | 4 | 1 |
| विलियमसन का और बो कुलदीप | 11 | 14 | 1 | 0 |
| डेरिल मिचेल का शर्मा बो शमी | 63 | 101 | 3 | 0 |
| टॉम लैथम पगबाधा बो जडेजा | 14 | 30 | 0 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स बो वरुण | 34 | 52 | 2 | 1 |
| माइकल ब्रेसबेल नाबाद | 53 | 40 | 3 | 2 |
| मिचेल सेंटनेर रन आउट | 08 | 10 | 0 | 0 |
| नैथन स्मिथ नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 16, योग : 50 ओवर में 251/7
गेंदबाजी : शमी 9-0-74-1, पंड्या 3-0-30-0, चक्रवर्ती 10-0-45-2, कुलदीप 10-0-40-2, अक्षर 8-0-29-0, जडेजा 10-0-30-1.

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित स्ट लैथम बो रविंद्र | 76 | 83 | 7 | 3 |
| गिल का फिलिप्स बो सेंटनेर | 31 | 50 | 0 | 1 |
| कोहली पगबाधा बो ब्रेसवेल | 01 | 02 | 0 | 0 |
| अय्यर का रविंद्र बो सेंटनेर | 48 | 62 | 2 | 2 |
| अक्षर का ओराउकी बो ब्रेसवेल | 29 | 40 | 1 | 1 |
| केएल राहुल नाबाद | 34 | 33 | 1 | 1 |
| पंड्या का और बो जैमीसन | 18 | 18 | 1 | 1 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 09 | 06 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 08, योग : 49 ओवर में 254/6
गेंदबाजी : जैमीसन 5-0-24-1, राउरकी 7-0-56-0, स्मिथ 2-0-22-0, सेंटनेर 10-0-46-2, रविंद्र 10-1-47-1, ब्रेसवेल 10-1-28-2, फिलिप्स 5-0-31-0.

## खबर संक्षेप



### गुजरात जाइंट्स से भिड़ेंगे इंडियंस, शीर्ष पर नजर

**मुंबई।** लीग चरण में अब जब सिर्फ दो मैच बचे हैं तब मुंबई इंडियन्स की नजरें सोमवार को यहां फॉर्म में चल रहे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी होंगी। यूपी वारियर्स ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को 12 रन से हराकर इस गत चैंपियन टीम को प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर किया। इसके साथ ही दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियन्स और गुजरात जाइंट्स का प्ले ऑफ में जगह बनाना तय हो गया। हालांकि अब भी अंक तालिका में टीमों का स्थान तय नहीं है।

### गुजरात के सहयोगी स्टाफ से जुड़े वेड



**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर मैथ्यू वेड को टीम को सहायक कोच नियुक्त किया है। वेड 2022 और 2024 में खिलाड़ी के रूप में दो सत्र के लिए टाइटंस के साथ थे लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आईपीएल की बड़ी नीलामी का हिस्सा नहीं बने। गुजरात टाइटंस ने 'एक्स' पर लिखा, 'चैंपियन।

लीग वन फुटबॉल टूर्नामेंट

## पेरिस सेंट जर्मेन ने लीग वन में बनाई 4-1 की बढ़त




एजेंसी ▶▶| पेरिस

स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे ऑसमेन डेम्बेले के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ने लीग वन फुटबॉल टूर्नामेंट में रेनेस को 4-1 से हराकर लीग में अपना अजेय अभियान जारी रखाा।

डेम्बेले ने अपने दोनों गोल दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पहले और चौथे मिनट में दागे। ब्रेडले बार्सोला (27वें मिनट) और गोंजेलो रामोस (50वें मिनट) ने भी टीम की ओर से एक-एक गोल किया। रेनेस की ओर से एकमात्र गोल लिलियन ब्रेसियर ने 53वें मिनट में किया। लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय पीएसजी के इस जीत से 25 मैच में 65 अंक हो गए हैं और टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद मार्सिले पर 16 अंक की बढ़त बना ली है। शनिवार को लेन्स के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलने वाले मार्सिले के 25 मैच में 49 अंक हैं।

### बायर्न म्यूनिख और लिवरकुसेन हारे



**बर्लिन।** शीर्ष पर चल रहे बायर्न म्यूनिख को दो गोल की बढ़त बनाने के बावजूद बोचुम के खिलाफ बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन बायर लीवरकुसेन की टीम इसका फायदा उठाने में नाकाम रही। लिवरकुसेन की टीम भी शनिवार को वर्डर ब्रेमेन के खिलाफ 0-2 से हार गई। ब्रेमेन ने सभी प्रतियोगिताओं में मिलाकर अपने पिछले पांच मैच गंवाए थे। बायर्न की टीम 25 मैच में 61 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है जबकि लीवरकुसेन इतने ही मुकाबलों में 53 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। बोरूसिया डोर्टमंड को भी ऑग्सबर्ग के खिलाफ 0-0 से हार झेलनी पड़ी जबकि स्टुटगार्ट को होल्सटेन किएल ने 2-2 से बराबरी पर रोका। वॉल्फ्सबर्ग और सेंट पॉली का मैच 1-1 से बराबर रहा जबकि फ्राइबर्ग और लेपजिग ने गोल रहित ड्रॉ खेला।

## इशप्रीत और आडवाणी के बीच होगा खिताबी मुकाबला



**मुंबई।** इशप्रीत सिंह चड्ढा और एशियाई चैंपियन पंकज आडवाणी यहां 13.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले अखिल भारतीय सीसीआई स्नूकर क्लासिक टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने होंगे। यह दोनों खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में पीएसपीबी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आडवाणी यहां जीत हासिल करके खिताब की हैट्रिक पूरी करना चाहेंगे। आडवाणी ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में रेलवे के फैसल खान को 6–1 (88-8, 70-49, 74-42, 63-14, 31-71, 74-0, 71-22) से जबकि चड्ढा ने रेलवे के ही कमल चावला को 6-3 (68-75, 87-46, 64-58, 67-8, 64-57, 41-82, 78-19, 33-72, 54-40) से हराया।

## संगाकारा ने रायपुर में लांच की राजस्थान की जर्सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ गोयल टीएमटी और आरआर ने अपनी 5 साल की सफल साझेदारी का मनाया जश्न

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च से होने जा रही है। इस मौके पर गोयल टीएमटी और राजस्थान रॉयल्स ने अपनी 5 साल की सफल साझेदारी का जश्न मनाया। रविवार को राजस्थान रॉयल्स के डायरेक्टर कुमार संगकारा और गोयल टीएमटी के डायरेक्टर संदीप गोयल ने टीम की नई जर्सी लॉन्च की।

कुमार संगकारा ने इस अवसर पर कहा कि गोयल टीएमटी हमारे एसोसिएट पार्टनर के रूप में राजस्थान रॉयल्स की यात्रा का अहम हिस्सा रहा है। यह साझेदारी साल दर साल मजबूत हुई है और टीमवर्क के जज़्बे को और भी ऊंचा किया है। गोयल टीएमटी के डायरेक्टर संदीप गोयल ने इस मौके पर कहा कि राजस्थान रॉयल्स के साथ पिछले पांच सालों का सफर शानदार रहा है। एक मजबूत साझेदारी ही सफलता की बुनियाद होती है।राजस्थान रॉयल्स के चीफ बिज़नेस ऑफिसर आलोक चित्रे ने कहा कि हर सीज़न के साथ इस रिश्ते को और मजबूत होते देखना शानदार है। हमें भरोसा है कि आने वाले सीज़न्स में भी यह साझेदारी और आगे बढ़ेगी और हम अपने फैंस के लिए कई यादगार पल लेकर आएंगे।

### देश का प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट हीरो इंडियन ओपन 27 से

## शुभांकर और वीर विश्व के दिग्गजों को देंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट हीरो इंडियन ओपन का आगामी सत्र 27 से 30 मार्च तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित किया जाएगा जिसमें 2.25 मिलियन डालर (लगभग 19.60 करोड़ रुपए) की पुरस्कार राशि होगी। डीपी वर्ल्ड टूर पर दो बार के विजेता शुभंकर शर्मा एवं वीर अहलावत भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे।

प्रतियोगिता के आयोजकों ने बताया कि जापान के 24 वर्षीय गत विजेता कीता नाकाजिमा की अगुआई में इस टूर्नामेंट में जैक्स क्रुइसविज्क, जोहांस वीरमैन, जूलियन ग्यूरियर, एंजेल हिडाल्गो, फ्रेडरिक लैक्रोइक्स, डेविड रेवेटो, इवेन फग्र्यूसन और गुइडो मिग्लिओजी जैसे दुनिया के बड़े गोल्फ खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। 2023 के चैंपियन जर्मनी के मार्सेल सिएम भी इस प्रतियोगिता में फिर से चैंपियन बनने के लिए जोर लगाएंगे।



डीपी वर्ल्ड टूर पर दो बार के विजेता शुभंकर शर्मा एवं वीर अहलावत भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता के उपविजेता रहे अहलावत भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) की ऑर्डर ऑफ मेरिट (2024) में शीर्ष पर रहने के बाद डीपी वर्ल्ड टूर में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। वर्ष 2023 में डीपी वर्ल्ड का हिस्सा रहे मनु गंडास और उभरते हुए खिलाड़ी कार्तिक सिंह के पास भी इस टूर्नामेंट में अपनी काबिलियत साबित करने का मौका होगा। हीरो इंडियन ओपन डीपी वर्ल्ड टूर के एशियाई स्विंग का हिस्सा है, जिसमें सिंगापुर क्लासिक, चाइना ओपन और हैनान क्लासिक भी शामिल हैं। भारतीय गोल्फ संघ द्वारा सह-स्वीकृत यह स्पर्धा भारतीय गोल्फर खिलाड़ियों को डीपी वर्ल्ड टूर पर अगले वर्ष के लिए पूर्ण कार्ड प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।

### भारतीय खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा

इस मौके पर भारतीय गोल्फ संघ के अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट भारतीय खिलाड़ियों को प्रेरणा देते हैं। भारतीय गोल्फ संघ के अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह ने कहा, "हीरो इंडियन ओपन एशिया के सबसे प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंटों में से एक है और इसने भारतीय गोल्फ के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसने वैश्विक स्तर पर भारत की गोल्फ प्रतिभा को प्रदर्शित किया है। हम हीरो मोटोकॉर्प और डीपी वर्ल्ड टूर के हीरो इंडियन ओपन को उनके निरंतर समर्थन के लिए आभारी हैं क्योंकि यह भारतीय गोल्फरों के लिए प्रेरणा के साथ-साथ विश्व मंच पर बड़ा नाम कमाने के लिए एक कदम भी है।"

## खबर संक्षेप

### कार के खाई में गिरी, तीन की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में चंबा-पठानकोट मार्ग पर रविवार को एक वाहन के खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में पंजीकृत मारुति सुजुकी एस-प्रेसो (जेके 08पी 7325) जिस वक्त खाई में गिरी उसमें छह लोग मौजूद थे। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि वाहन चालक के नियंत्रण खो देने से यह फिसलकर खाई में गिर गया। मृतकों की पहचान विद्या देवी, मनु (14) और महिंदर कुमार (48) के रूप में हुई है। ये जम्मू-कश्मीर के कठुआ के रहने वाले थे।

### गैस पाइपलाइन में रिसाव, तीन जख्मी

**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी इलाके में रविवार को एक गैस पाइपलाइन में रिसाव के बाद आग लगने से तीन लोग जख्मी हो गए। महानगर गैस लिमिटेड ने बाद में एक बयान में बताया कि पाइपलाइन 'जेसीबी से अनियंत्रित खुदाई के कारण पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने दिन में बताया था कि अंधेरी (पूर्व) इलाके के तक्षशिला में एक गुरुद्वारे के पास शेर-ए-पंजाब सोसायटी में सड़क के बीच से गुजरने वाली महानगर गैस लिमिटेड की पाइपलाइन से रिसाव होने से शनिवार देर रात 12.35 बजे आग लग गई।




# संसद में वक्फ विधेयक, मणिपुर में हिंसा- परिसीमन पर मचेगा घमासान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोमवार से संसद का बजट सत्र फिर से शुरू हो रहा है। इस सत्र के दौरान सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष के बीच घमासान मचने के आसार हैं। विपक्ष वक्फ विधेयक, मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना और ट्रंप प्रशासन के साथ भारत के व्यवहार और मतदाता सूची में कथित हेराफेरी जैसे मुद्दे उठाने की योजना बना रहा है। वहीं, सरकार की प्राथमिकता अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी लेने की है, साथ ही बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने और मणिपुर बजट के लिए मंजूरी मांगने पर होगी। संसद के इस सत्र के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करवाया जाएगा। केंद्र सरकार ने मणिपुर में हिंसा के मद्देनजर राष्ट्रपति शासन लगाने का ऐलान किया है। गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की मंजूरी के लिए संसद में एक वैधानिक प्रस्ताव पेश कर सकते हैं।

■ बजट सत्र का दूसरा चरण आज से



### मणिपुर के लिए बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री

इसके साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को मणिपुर के लिए बजट पेश कर सकती हैं। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद से मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लगाया गया है। वहीं, डुप्लिकेट इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड (ईपीआईसी) नंबरों के मुद्दे पर विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है।

### ममता ने लगाया था आरोप

हाल में ममता बनर्जी ने ईपीआईसी में फर्जी मतदाता फोटो पहचान पत्र का आरोप लगाया था। तृणमूल कांग्रेस के इस मुद्दे को उठा सकती है, हालांकि चुनाव आयोग तृणमूल कांग्रेस की घोषणा के बाद कहा कि वह अगले तीन महीनों के भीतर सुधारात्मक कदम उठाएगा। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के इस दावे को पूरी तरह से नकार दिया है।

### वक्फ विधेयक पारित करवाने पर सरकार का जोर

विपक्ष के जोरदार विरोध के बीच संसद की एक संयुक्त समिति ने विधेयक पर अपनी रिपोर्ट लोकसभा में पेश की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पारस्परिक शुल्क लगाने की धमकी, संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन, मणिपुर में ताजा हिंसा पर राजनीतिक हंगामा जैसे मुद्दे भी संसद में गूंजने की उम्मीद है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया है कि विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक के नेता वक्फ विधेयक का संयुक्त रूप से विरोध करने के लिए व्यापक विचार-विमर्श करेंगे। रमेश ने यह भी कहा कि कांग्रेस चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाती रहेगी, उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव अब स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं रह गए हैं और योजनाबद्ध और सुनियोजित हैं।

## नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र काठमांडू पहुंचे

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच काठमांडू पहुंचे, जहां राजशाही समर्थक कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए पहले से हवाई अड्डे पर उपस्थित थे। पोखरा से सिमरिक एयर हेलीकॉप्टर पर सवार होकर ज्ञानेंद्र जैसे ही त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे, राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों समर्थक उनके पक्ष में नारे लगाने लगे। भीड़ में शामिल लोगों के हाथों में तख्तियां थीं, जिसपर 'हमें अपना राजा वापस चाहिए', 'संघीय गणतंत्र प्रणाली को खत्म करो', 'राजशाही को बहाल करो' और 'राजा और देश हमारे जीवन से भी प्यारे हैं' जैसे नारे लिखे हुए थे।




# ट्रंप पर भड़के बाबा रामदेव, कहा- यह एक तरह का आर्थिक आतंकवाद

एजेंसी ▶▶| नागपुर

पतंजलि आयुर्वेद के सह-संस्थापक एवं योग गुरु रामदेव ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ विवाद पर टिप्पणी की है। ट्रंप पर भड़कते हुए शुल्क नीति के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बाबा रामदेव ने कहा कि यह एक तरह का आर्थिक आतंकवाद और शुल्क आतंकवाद है। यह दुनिया को एक अलग युग में ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व में बन रहे खतरनाक हालात के बीच, हमें भारत को शक्तिशाली और विकसित बनाने की जरूरत है, क्योंकि कुछ शक्तिशाली देश विश्व को विनाश की ओर ले जाना चाहते हैं। रामदेव नागपुर के मिहान में पतंजलि फूड एवं हर्बल पार्क के उद्घाटन के अवसर पर संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

■ टैरिफ विवाद को लेकर जताई नाराजगी



### सनातन धर्म को बनाया निशाना

रामदेव ने कहा कि जिस तरह से यूरोप, अमेरिका और ब्रिटेन में 'धार्मिक आतंकवादियों' द्वारा 'सनातन धर्म' को निशाना बनाया जा रहा है, वह बेहद शर्मनाक है।उन्होंने कहा, इस धार्मिक आतंकवाद से पूरी दुनिया पीड़ित है। विभिन्न देशों के प्रमुखों को इससे बाहर निकलने का रास्ता तलाशने की जरूरत है और भारत को इसके लिए पहल करनी चाहिए। रामदेव ने औरंगजेब से संबंधित एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि मुगल बादशाह भारत के लोगों के लिए आदर्श नहीं हो सकता।

# महिलाओं को एक हत्या करने की मिले छूट

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी -शरदचंद्र पवार की महिला शाखा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक पत्र लिखा है। इसमें महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों के मद्देनजर एक हत्या करने पर सजा में छूट देने की मांग रखी गई है। शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी की महिला शाखा की अध्यक्ष रोहिणी खडसे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति को यह चिट्ठी लिखी। इसमें उन्होंने कहा कि महिलाएं दमनकारी मानसिकता, दुष्कर्म वाली मानसिकता और निष्क्रिय कानून-व्यवस्था की प्रवृत्ति को खत्म करना चाहती हैं।



रोहिणी खडसे ने हाल ही में मुंबई में 12 वर्षीय लड़की से सामूहिक दुष्कर्म की घटना का हवाला देते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। खडसे ने पत्र में कहा, 'हम सभी महिलाओं की ओर से एक हत्या करने पर सजा में छूट की मांग कर रहे हैं।'

■ शरद पवार गुट की नेता ने राष्ट्रपति से रखी मांग




72198 21111 | BAJAJ SECURE · AMC · ROAD SIDE ASSISTANCE | BAJAJ CREDIT

*Terms and conditions apply. *Offer available on Pulsar 125 Carbon Fibre and Pulsar 150 models. #Ex Showroom price for N160 Twin Disc variant. *Down payment for Pulsar 125 Carbon Fibre. Bajaj Auto reserves the right to withdraw any or all offers without prior notice. Stunts have been performed by experts, under professional supervision, in a controlled and enclosed environment, in isolation from general public or public roads. Do not attempt to replicate these stunts and always follow traffic and safety rules. AMC available on specific models and in specific states. Check with Bajaj dealer for more details. Roadside Assistance is provided by third parties and is subject to their terms and conditions.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.:** Bilaspur: Tifra Over bridge TRIPUR BAJAJ 9752133444, 07752-400444 • Naya Sarkanda KHANDELWAL BAJAJ 9300998989, 9165555222 • Old Bus Stand TRIPUR BAJAJ 7999848912, 419333 • Mungeli : KHANDELWAL BAJAJ 9399021705, 07755299124 • Lormi : KHANDELWAL BAJAJ 9399021701 • Ambikapur LAXMI BAJAJ 9074816511, 9754830536 • Janjgir SHREE SALASAR BAJAJ 9179981000 • Champa 8319235702 • Korba TIRUPATI BAJAJ 6232103042, 7879313041 • Dipka TIRUPATI BAJAJ 9302444204 • Raigarh JINDAL BAJAJ 9589905646,7067109202 • Jashpur JINDAL BAJAJ 8817775566, Baikunthpur KOREA BAJAJ 9752949291. **Authorised Service Centre:** Akaltara 9300672917, Bagicha 8889105139, Bagbahar 9340462499, Balangi 8319938652, Baloda 9926165736, Baramkela 9329337258, Balrampur 6261982600, Baradwar 9131988365, Batouli 7879992145, Bhaiyathan 8717818700, Bishrampur 7441143400, Chakarbhata 7415967052, Churcha 7828109004, Jaijaipur 9098505388, Jarhi 8959616468, Kansabel 9993641010, Katghora 9893315098, Kharsia 7771078078, Kota 9424158177, Kusmi 07693929918, Kusmunda 7000813077, Lailunga 9424187790, Manendragarh 9893808250, Nawagarh 9981550386, Pali 7489606177, Pathalgaon 9424180227, Pendra 8109692873, Pratappur 7509007575, Pussore 9993222334, Pathariya 7987188192, Rahod 9926909427, Rajpur 7000810536, Ramanujganj 9977907755, Ratanpur 9399998235, Sargaon 7089006614, Shakti 9300624147, Saranggarh 9300566800, Seepat 9926569656, Surajpur 8319944087, 9302672400, Takhatpur 9893742811,Seorinarayan-9926907321, Sitapur 8109861007, Wadrafnagar 750900664, Shrinagar 7987897837.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com